दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com भोपाल, मंगलवार 20 अक्टूबर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-04 अंक-165 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए डाक पंजीयन संख्या -म प्र /भोपाल /4-468/2018-20 मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जैसे बरसात के मौसम में कीचड़ में लोगों के पैर फिसल जाते हे उसी तरह चुनावी मौसम में बड़बोले नेताओं की जुबान भी फिसल जाती है। वैसे भी बदजुबान नेताओं की गज भर लंबी जुबान लपलपाती ही रहती है। मध्यप्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक महिला प्रत्याशी को आईटम कह कर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। बाद में उन्होने सफाई दी है कि उन्होने दुर्भावना से ऐसा नहीं कहा है और न ही आईटम शब्द अपमान जनक है। बड़े नेता है, बड़ी जुबान है। अपनी कही गलत बात को भी सही ठहराना उनके लिए क्या मुश्किल है?

कोरोना मामलों में आई कमी न बने लापरवाही की वजह : डब्ल्यूएचओ

नई दिल्ली । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों को आगाह करते हुए आज कहा कि कोरोना वायरस 'कोविड-19' संक्रमण के नये मामलों में आयी कमी को देखकर लापरवाही बरतने से इस त्योहारी मौसम में स्थिति गंभीर हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक डॉ पूनम खेत्रपाल सिंह ने सोमवार को कहा कि इस क्षेत्र में हाल में कोरोना संक्रमण के ताजे मामलों में हल्की गिरावट आयी है लेकिन इससे निश्चिंत होने की जरूरत नहीं है। इस क्षेत्र में अब भी कोरोना संक्रमण के अधिक मामले हैं। कोरोना महामारी का कहर अब भी जारी है और इसके प्रसार को रोकने के लिए लगातार सावधानी भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारी मौसम और सर्दी के मौसम में हमारे लापरवाही बरतने से कोरोना संक्रमण की स्थिति और गंभीर हो सकती है। संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए लगातार प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा, त्योहारी मौसम में हमें एक व्यक्ति के रूप में अपनी जिम्मेदारी उठानी चाहिए कि हम शारीरिक दूरी का पालन करेंगे । शेष पृष्ठ 7 पर

कोरोना के मामले हुए 75.50 लाख, सक्रिय मामले घटकर 7.72 लाख

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना संक्रमण का आंकड़ा लगातार बढ़ते हुए 75.50 लाख हो गया है वहीं स्वस्थ होने वाले की मरीजों की संख्या बढ़ने से सक्रिय मामले घटकर 7.72 लाख पर आ गये हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 55,722 नये मामले आये और यह संख्या 75,50,273 हो गयी। इसी अवधि में 66,399 लोगों ने कोरोना को मात दी है और इसे मिलाकर देश में अब तक 66.63 लाख मरीज कोरोनामुक्त हो चुके हैं। नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक होने से सक्रिय मामले 11,256 घटकर 7,72,055 हो गये हैं। मृतकों की संख्या एक दिन बढ़ने के बाद इसमें फिर कमी आयी ।

कोरोना के प्रभाव पर निर्भर करेगा 2021 का हज-नकवी

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि हज 2021, कोरोना महामारी के मद्देनजर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के दिशानिर्देशों पर निर्भर करेगा। श्री नकवी ने हज 2021 के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हज 2021 जून-जुलाई के महीने में होना है लेकिन कोरोना आपदा और उसके प्रभाव की संपूर्ण समीक्षा और सऊदी अरब सरकार एवं भारत सरकार के लोगों की सेहत, सुरक्षा के मद्देनजर दिशानिर्देशों को प्राथमिकता देते हुए हज 2021 पर अंतिम फैसला लिया जायेगा।

मप्र उपचुनावः नाम वापसी के बाद की तस्वीर

मंत्री भदौरिया की सीट मेहगांव में सबसे ज्यादा 44 नामांकन

मालवा-निमाड़ में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला

ग्वालियर-चंबल की 10 सीटों पर बसपा बिगाड़ सकती है समीकरण

सबसे कम 7 नामांकन नेपानगर सीट पर

नव प्रदेश संवाददाता

भोपाल। मध्य प्रदेश में 28 सीटों पर 3 नवंबर को होने वाले उपचुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। सोमवार को नाम वापसी का आखिरी दिन था। प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर 532 नामांकन फार्म मान्य किए गए हैं। 74 नामांकन रद्द हुए। गोहद, जौरा और पोहरी से तीन उम्मीदवारों ने आखिरी दिन नाम वापस ले लिए। कुछ उम्मीदवारों के नाम से दो से तीन बार भरे हुए हैं, देर रात तक प्रत्याशियों की संख्या साफ नहीं हो पाई है। अब सबसे ज्यादा 44 नामांकन मेहगांव विधानसभा सीट पर हैं। यहां पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस के हेमंत कटारे और बागी ओपीएस भदौरिया के बीच है। भदौरिया भाजपा सरकार में मंत्री हैं। यहां से तीन प्रत्याशियों का नॉमिनेशन कैंसिल किया गया है। मंत्री गोविंदसिंह राजपूत की सीट सुरखी से उनके समेत कुल 29 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे हैं।वहीं, सबसे कम 7 नामांकन शेष पृष्ठ 7 पर

इन सीटों पर नतीजे प्रभावित करती बसपा

2018 के विधानसभा चुनाव में गोहद, डबरा और पोहरी में बसपा दूसरे नंबर पर रही है। वही ग्वालियर, ग्वालियर पूर्व, और मुंगावली में उसकी मौजूदगी नतीजों को प्रभावित करने वाली साबित हुई है। मुरैना में बीजेपी की पराजय में बसपा की मौजूदगी प्रमुख कारण रहा था। इसके अलावा पोहरी, जौरा, अंबाह में बसपा के चलते भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई थी। इस बार के चुनाव में भी मुरैना, जोरा, दिमनी, अंबाह, मेहगांव, भांडेर,पोहरी सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय होने की पूरी संभावना है।

28 में से 27 पर पहले कांग्रेस का कब्जा था

अब जिन 28 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है, उनमें से 27 पर पहले कांग्रेस का कब्जा था और सरकार में वापसी करने के लिए उसे इन सभी सीटों पर पूरी ताकत लगाना होगी। 230 सदस्यीय राज्य विस में बहुमत के लिए 116 सीटें होना जरूरी हैं। दांगी के निधन के बाद मप्र विधानसभा की सदस्य संख्या 202 रह गई है। कांग्रेस के पास 88 विधायक बचे हैं तो भाजपा के पास 107 विधायक हैं।

अदालतें सैरगाह नहीं कि जब मर्जी चले आए

सुप्रीम कोर्ट याचिका खारिज करते हुए 25 हजार जुर्माना भी लगाया

न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकारों को 'न्यायिक वक्त बर्बाद करने को लेकर खामियाजा भुगतना चाहिए' तथा इसकी कीमत जिम्मेदार अधिकारियों से वसूली जानी चाहिए।

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि राज्य सरकारें अपील दायर करने में जान-बूझकर देरी करती हैं, क्योंकि इन्हें अदालतें सैरगाह नजर आती हैं। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने पिछले दिनों मध्य प्रदेश सरकार की एक विशेष अनुमति याचिका खारिज करते हुए उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। न्यायालय ने इस दौरान तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य सरकारें अपील दायर करने में जान-बूझकर देरी करती हैं, ताकि उन्हें यह कहने का बहाना मिल जाये कि याचिका खारिज हो गयी। खंडपीठ ने कहा कि निर्धारित अवधि (लिमिटेशन पीरियड) की अनदेखी करने वाली राज्य सरकारों के लिए शीर्ष अदालत सैरगाह की जगह नहीं हो सकती कि जब मन में आया, चले आये। न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकारों को 'न्यायिक वक्त बर्बाद करने को लेकर खामियाजा भुगतना चाहिए' तथा इसकी कीमत जिम्मेदार अधिकारियों से वसूली जानी चाहिए। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से 'भेरू लाल मामले' में 663 दिनों की देरी से अपील दायर की गयी थी।

बड़ी कंपनियों को छोटे उद्योगों का बकाया चुकाने के निर्देश

नई दिल्ली । सरकार ने त्योहारी सीजन को देखते हुए देश में सार्वजनिक क्षेत्र की 2800 से ज्यादा बड़ी कंपनियों को छोटे उद्योगों का बकाया चुकाने के निर्देश दिये हैं और कहा है कि पिछले पांच महीनों को छोटे कारोबारियों को 13 हजार 400 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि बड़ी कंपनियों को छोटे उद्योगों की बकाया रकम का भुगतान करने के लिए पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि छोटे उद्योगों से संबंधित एमएसएमई विकास कानून 2006 के कानूनी प्रावधानों के अनुसार छोटे उद्योगों को 45 दिनों के अंदर ही भुगतान किया जाना जरूरी है। इसी के अनुरूप नियमों के तहत उद्योगों को एक अर्द्धवार्षिक रिटर्न भी जमा करना होगा, जिसमें बकाए के बारे में जानकारी होगी। मंत्रालय ने इस संबंध में ध्यान देने और जरूरी कार्रवाई करने को कहा है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय ने 2800 से ज्यादा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों को पत्र भेजकर उनसे छोटे उद्योगों के बकाए का भुगतान करने के लिए कहा है। शेष पृष्ठ 7 पर

खास- खबर

मुठभेड़ में 3 महिला नक्सली सहित पांच नक्सलियों की मौत

राजनांदगांव/गढ़चिरौली। छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र की सीमा पर गढ़चिरोली पुलिस को नक्सल मोर्चे में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और सुरक्षाबल के जवानों ने नक्सली मुठभेड़ में 3 महिला सहित 5 माओवादियों को मार गिराया है। मारे गए नक्सलियों का शव भी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस और माओवादियों की कोसमी क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। पुलिस की गोलीबारी के जवाब में नक्सलियों ने जवानों पर हमला किया। सी 60 के जवानों के हमले के बाद नक्सली भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद जब जवानों ने एरिया सर्चिंग की तो वहां माओवादियों के शव बरामद हुए हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र 27और 28 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है, इस हेतु अधिसूचना एक दो दिनों में जारी कर दिया जायेगा। इस दो दिवसीय विधानसभा सत्र में केंद्र सरकार द्वारा बनाये गये कानून, जिसे छत्तीसगढ़ की सरकार जनविरोधी मान रही है, इन दोनों कानूनों, कृषि और श्रम में संशोधन करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार अपना विशेष बिल लेकर आ रही है और उस पर चर्चा करा कर विधानसभा से बिल पास कर दोनों मामले में छत्तीसगढ़ राज्य स्तर पर नया कानून बनाने के लिए यह सत्र आहूत किया गया है।

शेयर बाजार

सेंसेक्स-40431.60
निफ्टी- 11873.05
गोल्ड- 50684 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 62327 (1 कि ग्रा.)

महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं : सरोज पांडेय

पटना । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने मध्य प्रदेश के डबरा में सार्वजनिक तौर पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री के अपनी ही पार्टी की पूर्व महिला मंत्री के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी भर्त्सना की है। सुश्री पांडेय ने संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस की पूर्व महिला मंत्री का फूट-फूट कर रोता हुआ वीडियो फुटेज दिखाने के बाद इस पूरे घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस की यही संस्कृति रही है। शेष पृष्ठ 7 पर

इमरती देवी पर अपमानजनक बयान देने के लिए कमलनाथ को नोटिस

नई दिल्ली । राष्ट्रीय महिला आयोग ने मध्यप्रदेश में डाबरा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार इमरती देवी पर अपमानजनक बयान के लिए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ को नोटिस जारी किया है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने श्री कमलनाथ के बयान की कड़ी निंदा करते हुए इस संबंध में चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा है। शेष पृष्ठ 7 पर

शिखर सम्मेलन 10 को, पीएम मोदी के आमने-सामने होंगे जिनपिंग और इमरान



नई दिल्ली ए.। एलएसी पर पिछले पांच महीने से जारी तनाव के बीच बड़ी खबर सामने आयी है, दरअसल इस समय में जब चीन और पाकिस्तान से संबंध खराब बने हुए हैं, ऐसे में पीएम नरेंद्र मोदी की दोनों देशों के सुप्रीम पॉवर नेताओं से मुलाकात हो सकती है और इस मुलाकात का मंच एससीओ शिखर सम्मेलन रहेगा। जहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के पीएम इमरान खान से पीएम मोदी की मुलाकात हो सकती है। बता दें कि रूस इस सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जो कि 10 नवंबर को प्रस्तावित है। दरअसल एससीओ में भारत के लिए सुरक्षा और अन्य राजनीतिक मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखने एक महत्वपूर्ण मंच है। इसके साथ ही भारत सभी देशों को अपनी किसी भी कनेक्टिविटी की पहल में संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की बात भी कर सकता है। वहीं ये देखना दिलचस्प होगा कि 10 नवंबर के शिखर सम्मेलन में पहली बार भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग आमने-सामने होंगे। इस सप्ताह सीमा विवाद और डी-एस्केलेशन के लिए 2 देशों ने सैन्य वार्ता का एक और दौर आयोजित करने की उम्मीद की है। हालांकि पिछले कुछ महीनों में इस तरह की 7 बैठकों के बावजूद सफलता का कोई संकेत नहीं मिला है।

सेना ने डेमचोक सेक्टर में चीनी सैनिक को पकड़ा

नई दिल्ली । सेना ने पूर्वी लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में आज चीन के एक सैनिक को पकड़ा जो वास्तविक नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में आ गया था। सेना ने आज एक बयान जारी कर कहा कि चीन की सेना का कॉरपोरल वांग या लोंग आज वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार कर पूर्वी लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में आ गया जिसे पकड़ लिया गया। चीनी सैनिक को ऑक्सीजन, खाना और गर्म कपड़े दिये गये हैं जिससे कि उसे प्रतिकूल मौसम और ऊंचाई की परिस्थितियों में दिक्कत न हो। बयान में कहा गया है कि चीनी सेना की ओर से एक अनुरोध मिला है जिसमें उसने अपने लापता सैनिक के बारे में जानकारी मांगी है। सेना ने कहा है कि प्रोटोकॉल के अनुसार सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद इस सैनिक को चुशूल मोल्डो में चीनी सैनिकों को सौंपा जायेगा। गौरतलब है कि भारत और चीन की सेनाएं अप्रैल-मई से आमने-सामने हैं। पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के कई पॉइंट्स पर दोनों तरफ से तनातनी है।

चीन पर नजर

भारत समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में अन्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

मालाबार नेवल एक्सरसाइज में भारत, जापान और अमेरिका संग ऑस्ट्रेलिया भी होगा शामिल

नई दिल्ली ए.। नरेंद्र मोदी सरकार ने अगले महीने होने जा रहे वार्षिक मालाबार नेवल एक्सरसाइज के लिए ऑस्ट्रेलिया को आमंत्रित किया है, जबकि जापान और अमेरिका ने पहले ही इसमें शामिल होने को लेकर पुष्टि कर दी है। भारत के इस कदम से एक तरफ क्वाड को मजबूती मिलेगी तो चीन की बेचैनी बढ़ेगी। यह पहली बार है जब क्वाड के सभी सदस्य एक साथ सैन्य अभ्यास में शामिल होंगे। यह ऐसे समय पर होने जा रहा है जब भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव चार दशक में चरम पर है। मालाबार सैन्य अभ्यास के जरिए भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के नौसैनिक साल के अंत में बंगाल की खाड़ी में साथ युद्धाअभ्यास करेंगे। इस मामले से जुड़े लोगों के मुताबिक, मालाबार अभ्यास दो हिस्सों में होगा। अभ्यास पहले 3-6 नवंबर और फिर 17-20 नवंबर के बीच होगा। चारों देशों का साझा उद्देश्य मुक्त और स्वतंत्र हिंद प्रशांत क्षेत्र है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा भारत समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में दूसरे देशों के साथ सहयोग बढ़ाना चाहता है और ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा सहयोग में वृद्धि को देखते हुए मालाबार 2020 में ऑस्ट्रेलियन नेवी की भी सहभागिता होगी। इस बार अभ्यास को 'नॉन कॉन्टैक्ट एट सी' फॉर्मेट में तैयार किया गया है। अभ्यास से शामिल देशों के नेवी के बीच सहयोग और समन्वय मजबूत होगा। भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह अभ्यास क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद होने जा रहा है। 6 अक्टूबर को टोक्यों में चोरों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हुई थी।

जेकेसीए घोटालाः ईडी ने की फारूक से पूछताछ

श्रीनगर । पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला से जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पूछताछ की। इस बीच एनसी उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला तथा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने डा. अब्दुल्ला से हुई पूछताछ को राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम बताया है जबकि पीडीपी के वरिष्ठ नेता एवं पीडीपी-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार के पूर्व प्रवक्ता नईम अख्तर ने कहा कि यह सरासर धमकी है। ईडी के आधिकारिक सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि डा. अब्दुल्ला को दो दिन पूर्व ईडी की ओर से

प. बंगाल में दुर्गा पूजा पंडाल में एंट्री पर रोक

कोलकाता ए.। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सभी दुर्गा पूजा पंडालों को कोविड-19 महामारी के मद्देनजर नो-एंट्री जोन घोषित कर दिया है। हाई कोर्ट का यह आदेश राज्य में सबसे बड़े त्योहार से ठीक तीन दिन पहले आया है। हाई कोर्ट का यह आदेश डॉक्टरों की उस चेतावनी के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर दुर्गा पूजा पंडालों में अगर प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में कम से कम तीन से चार गुना वृद्धि हो सकती है। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश देते हुए कहा है कि पंडाल के बाहर बैरिकेड्स लगाने की जरूरत है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि राज्य के बड़े पंडालों में कम से कम 10 मीटर की दूरी पर बैरिकेड लगाया जाएगा, जबकि छोटे पंडालों के लिए बैरिकेड्स लगाने की दूरी 5 मीटर होगी।

रणवीर सिंह को लेकर 'सर्कस' बनायेंगे रोहित शेट्टी

मुंबई । बॉलीवुड के इंटरटेनर नंबर वन निर्देशक रोहित शेट्टी, रणवीर सिंह को लेकर फिल्म 'सर्कस' बना सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी, रणवीर सिंह को लेकर फिल्म 'सर्कस' बनाने जा रहे हैं। रोहित इससे पूर्व रणवीर के साथ सिंबा और सूर्यवंशी में काम कर चुके हैं। अब तीसरी बार रोहित शेट्टी और रणवीर सिंह की ये जोड़ी साथ नजर आ सकती है। बताया जा रहा है कि फिल्म 'सर्कस' एक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें रणवीर सिंह के अलावा पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडीस लीड रोल में होगीं। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अगले महीने से मुंबई, ऊटी और गोवा में की जाएगी जिसे अगले साल विंटर सीजन में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म को रोहित शेट्टी के साथ-साथ भूषण कुमार और रिलायंस एंटरटेनमेंट को-प्रोड्यूस कर रहे हैं।

शाहिद ने उत्तराखंड में 'जर्सी' की शूटिंग की पूरी

मुंबई । बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर ने अपनी आने वाली फिल्म 'जर्सी' की शूटिंग उत्तराखंड में पूरी कर ली है। शाहिद कपूर इन दिनों तेलुगू फिल्म 'जर्सी' के हिंदी रीमेक में काम कर रहे हैं। वह इस फिल्म में एक क्रिकेटर की भूमिका में दिखेंगे। 'जर्सी' का निर्देशन गौतम तिन्नानाउरी कर रहे हैं। इस फिल्म के तेलुगू वर्जन का भी निर्देशन गौतम ने ही किया है। फिल्म में शाहिद के अपोजिट मृणाल ठाकुर काम कर रही है। शाहिद और मृणाल ने उत्तराखंड में शूटिंग पूरी कर ली है। शाहिद और मृणाल ने अपने ट्विटर अकाउंट से उत्तराखंड सरकार को धन्यवाद दिया है। शाहिद कपूर ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'जर्सी' का एक और शेड्यूल खत्म हो गया है। मैं उत्तराखंड सरकार का धन्यवाद देना चाहता हूं जो उन्होंने हमें राज्य के कई खूबसूरत स्थानों में अपनी फिल्म के शेड्यूल को सुरक्षित रूप से शूट करने दिया और हमने इसे सफल तरीके से पूरा कर लिया है। मृणाल ठाकुर ने राज्य सरकार आभार व्यक्त करते हुए लिखा, ÷राज्य के कई खूबसूरत स्थानों में फिल्म के शेड्यूल को सुरक्षित रूप से शूट करने और इसे सफल तरीके से पूरा करने के लिए उत्तराखंड सरकार को धन्यवाद देती हूं।

अंकिता को ब्राइडल लुक में देखकर चौंके फैन्स

नई दिल्ली। अंकिता लोखंडे पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर रही हैं। अब हाल ही में अंकिता ने ब्राइडल लुक में अपनी फोटो शेयर की है। फोटो में अनुष्का ने व्हाइट कलर का गाउन पहना है और उनके हाथों में फूलों का गुलदस्ता है। अंकिता ने इन फोटोज को शेयर करते हुए लिखा, खूबसूरती चेहरे में नहीं, खूबसूरती तो दिल की रोशनी है। अंकिता की इस फोटो को देखकर फैन्स उनकी खूबसूरती के दीवाने हो गए हैं। सभी कमेंट्स सेक्शन

मस्तराम' के बाद नई वेब सीरीज 'रानी का राजा' में नजर आएंगी रानी चटर्जी

नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों की क्वीन रानी चटर्जी जल्द ही नई वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई वेब सीरीज की शूटिंग शुरू की है। इस नई वेब सीरीज का नाम 'रानी का राजा' है और यह तीन एपिसोड का ही होगा। नई वेब सीरीज के बारे में रानी ने एक फोटो शेयर करके जानकारी दी है, जिसमें वह ब्लू कलर की साड़ी पहनी हुई नजर आ रही हैं। साथ ही रानी ने मांग में सिंदूर भी लगाया है। रानी के चेहरे की खुशी बता रही है कि वह इस सीरीज को लेकर कितनी एक्साइटेड हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए रानी ने लिखा, 'आज से एक नई सीरीज की शूटिंग शुरू हो गई है। मैं आपको जल्द बताऊंगी कि किस ओटीटी प्लैटफॉर्म पर यह आएगी।' लॉकडाउन के दौरान शूटिंग की अनुमति मिलने के बाद रानी की भोजपुरी फिल्म 'श्रीमान-श्रीमती' की शूटिंग शुरू हुई थी, जो थोड़े दिन पहले ही खत्म हुई है। फिल्म में रानी के साथ आदित्य ओझा लीड रोल में हैं। शूट के दौरान की रानी ने कई फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की थीं, जिन्हें फैन्स ने खूब पसंद किया है।

लॉन्च हुआ न्यू टाइड फ्रेश एंड क्लीन

3-इन सफाई के फायदे के साथ किया गया लांच

नई दिल्ली। भारत में अग्रणी फैब्रिक केयर ब्रांड्स में शुमार पी एंड जी के, टाइड ने हाल ही में अपने मौजूदा प्रॉडक्ट्स के एक नए संयोजन के रूप में टाइड फ्रेश एंड क्लीन को लॉन्च किया है। यह नया और क्रांतिकारी उत्पाद 3 इन 1 फायदे देता है- यह कपड़ों के जिद्दी मैल से लड़ता है, धोने के बाद एक उत्कृष्ट ताजगी प्रदान करता है, साथ ही यह बजट के अनुकूल भी है क्योंकि इसके एक किलो पैक की कीमत सिर्फ 69 रुपये है। यह भी पहली बार है जब नारंगी के बजाय टाइड पैक पीले रंग के पैक में होगा। नया टाइड फ्रेश एंड क्लीन का पैक ताजे नींबुओं की ताजगी से भरपूर है।

हर भारतीय घर में, माताएँ कपड़े धोने के लिए लगातार एक किफायती प्रॉडक्ट की तलाश में संघर्षरत हैं..एक ऐसा प्रॉडक्ट जो जिद्दी मैल को दूर करे और कपड़ों को ताजगी प्रदान करे। लेकिन इस प्रॉडक्ट के साथ, परिवारों को बेहद किफायती बजट में अभूतपूर्व सफाई मिल सकती है। अब चाहे गंदे कीचड़ में सना स्पोर्ट्स यूनिफॉर्म हो या एक्सरसाइज के बाद का पसीना जो कपड़ों को बदबूदार बना देता है - टाइड फ्रेश एंड क्लीन इन सबसे से बखूबी निपट सकता है, वह भी सिर्फ 35 रुपये में। टाइड ने इस नए वैरिएंट को अभिनेता संजय मिश्रा और प्रसिद्ध अभिनेत्री आयशा रज़ा अभिनीत एक ब्रांड फिल्म के साथ लॉन्च किया। नई टाइड फ्रेश एंड क्लीन एड फिल्म को हल्के-फुल्के मजाकिया अंदाज में शूट किया गया है। टाइड हमेशा चौंकाने वाली सफेदी देता है और उसी फीलिंग को संजय मिश्रा ने नए टीवीसी में जीवंत किया है। विज्ञापन में अभिनेता संजय मिश्रा एक दुकानदार के रूप में दिखते हैं जो पूरी ईमानदारी के साथ अपना काम करता है। वह एक माँ और उसकी बेटियों के साथ बातचीत कर रहा है, उनमें से हर एक अपने डिटर्जेंट से अलग-अलग अपेक्षाएं हैं। वह नई टाइड फ्रेश एंड क्लीन के 3 इन 1 फायदे से हतप्रद है। उनकी बातचीत हल्की-फुल्की, दिलचस्प और प्रॉडक्ट के फायदों को प्रभावी रूप से बयां करती हैं। प्रॉडक्ट को सीमित बाजारों में लॉन्च किया गया है और यह दो साइज में उपलब्ध होगा - 500 ग्राम 35 रुपये मे और 1 किलो 69 रुपये में। यह प्रॉडक्ट पीले पैकेजिंग में, बहुत प्रीमियम में आता है और बेहद किफायती मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता प्रदान करता है।

इस प्रकार कपड़े धोने का

पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार 17वें दिन स्थिर

नई दिल्ली । पेट्रोल और डीजल के दामों में सोमवार को लगातार 17वें रोज भी कोई घटबढ़ नहीं हुई। डीजल के दाम में अंतिम बार कटौती दो अक्टूबर को हुई थी,जबकि पेट्रोल की कीमत पिछले 27 दिन से स्थिर हैं। पेट्रोल की कीमत में आखिरी बार 22 सितंबर को 7 से 8 पैसे प्रति लीटर की गिरावट देखी गई।

तेल विपणन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंडियन आयल के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 81.06 रुपये जबकि डीजल 70.46 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में पेट्रोल 87.74 रुपये प्रति लीटर और डीजल 76.86 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। कोलकाता में पेट्रोल 82.59 रुपये प्रति लीटर और डीजल 73.99 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 84.14 रुपये प्रति लीटर और डीजव 75.99 रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही।

सेंसेक्स 500 अंक से अधिक उछला

मुंबई । विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच दिग्गज कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार सुबह एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 500 अंक तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 125 अंक से अधिक चढ़ गया।

बैंकिंग, वित्त, ऊर्जा, तेल एवं गैस और एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनियों में निवेशकों के विश्वास दिखाने से सेंसेक्स 335.59 अंक की मजबूती के साथ 40,318.57 अंक खुला। धीरे-धीरे इसका ग्राफ ऊपर को बढता गया और यह 536 अंक की बढ़त बनाता हुआ 40,519.48 अंक पर पहुँच गया।

निफ्टी भी 116.75 अंक की मजबूती के साथ 11,879.20 अंक पर खुलने के बाद 11,11,898.25 अंक तक चढ़ा। एशियाई बाजारों के हरे निशान में रहने से घरेलू स्तर पर भी निवेश धारणा मजबूत रही।

सेंसेक्स में आईसीआईसीआई बैंक का शेयर चार प्रतिशत चढ़ा। एचडीएफसी और एक्सिस बैंक में भी साढ़े तीन फीसदी से अधिक की तेजी रही। आईटी और टेक क्षेत्र पर बने दबाव के कारण टीसीएस का शेयर डेढ़ प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया।

एक सप्ताह में 1,200 रुपए सस्ती हुई चांदी

मुंबई । वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं में नरमी का असर बीते सप्ताह घरेलू बाजार पर भी दिखा जिससे चांदी में 1,200 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक की और सोने में 270 रुपये प्रति दस ग्राम की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गयी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में समीक्षाधीन अवधि में सोना हाजिर 31.10 डॉलर यानी 1.61 प्रतिशत लुढ़ककर 1899.20 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। दिसंबर का अमेरिका सोना वायदा भी इस दौरान 23.30 डॉलर की गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 1902.90 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

इस दौरान चांदी हााजिर 0.96 डॉलर यानी 3.82 प्रतिशत टूटकर 24.18 डॉलर प्रति औंस पर रही। घरेलू वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सप्ताह के दौरान 270 रुपये फिसलकर सोना वायदा 50,547 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसी तरह से सोना मिनी 268 रुपये की साप्ताहिक गिरावट के साथ 50,605 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। समीक्षाधीन अवधि में चांदी 1,208 रुपये यानी 1.92 प्रतिशत लुढ़ककर 61,676 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 1,166 रुपये टूटकर 61,689 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

दाल-दलहनों की महंगाई बढ़ी, गेहूं, चीनी, गुड़ सस्ता

नई दिल्ली । विदेशों में खाद्य तेलों की कीमतों में मिश्रित रुख के बीच घरेलू बाजार में बीते सप्ताह इनकी कीमतों में टिकाव रहा। आवक कम रहने से जहां दाल-दलहनों के दाम बढ़े, वहीं गेहूं, गुड़ और चीनी की आपूर्ति बढ़ने से इनके भाव उतर गये। तेल तिलहन : विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा नौ रिंगिट चढ़कर 2,920 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया जबकि दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.01 सेंट लुढ़ककर 33 सेंट प्रति पाउंड बोला गया। स्थानीय बाजार में आवक और उठाव में संतुलन से सरसों तेल, पाम ऑयल, सोया तेल और वनस्पति के दाम स्थिर रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13,187 रुपये, मूँगफली तेल 15,751 रुपये, पाम ऑयल 9,744 रुपये, वनस्पति 10,806 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

अजीत टंडन

ओकुहारा और एंटनसन ने जीते डेनमार्क ओपन खिताब

ओडेंसे । दूसरी वरीयता प्राप्त जापान की नोजोमी ओकुहारा और तीसरी सीड डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन ने रविवार को डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के एकल खिताब जीत लिए।

ओकुहारा ने तीसरी सीड स्पेन की कैरोलिना मारिन को लगातार गेमों में 21-19, 21-17 से हराकर महिला एकल खिताब जीता। ओकुहारा ने 56 मिनट में यह मुकाबला जीता। विश्व की चौथे नंबर की जापानी खिलाड़ी और छठे नंबर की स्पेनिश खिलाड़ी के बीच करियर का यह 16वां मुकाबला था और ओकुहारा ने इस जीत से रिकॉर्ड 8-8 कर लिया है। पुरुष वर्ग के फाइनल में एंटनसन ने सातवीं सीड हमवतन खिलाड़ी रेस्मस गेमके को एक घंटे 14 मिनट में 18-21, 21-19, 21-12 से हराकर खिताब जीता। एंटनसन की गेमके के खिलाफ करियर में चार मैचों में चौथी जीत है।

अमित की जगह दिल्ली की टीम में शामिल हुए प्रवीण

दुबई । दिल्ली कैपिटल्स ने चोट के कारण आईपीएल 13 से बाहर हुए अमित मिश्रा की जगह लेग स्पिनर प्रवीण दुबे को शेष सत्र के लिए टीम में शामिल किया है। प्रवीण पहले से ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हैं। 27 वर्षीय प्रवीण को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 2016 में खिलाड़ियों की नीलामी में अपनी टीम में लिया था लेकिन एक भी मैच खेलाए बिना उन्हें दो सत्रों के बाद रिलीज कर दिया था। आजमगढ़ में जन्में प्रवीण ने कर्नाटक प्रीमियर लीग में बेहतर प्रदर्शन किया था और 2015-16 के सत्र में बेलागावी पेंथर्स के लिए खेलते हुए उन्होंने 6.89 इकोनॉमी रेट से आठ विकेट लिए थे। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए खेले और टी-20 में 19.12 के औसत से 16 विकेट लिए।

उल्लेखनीय है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान मिश्रा चोटिल हो गए थे जिसके बाद उन्हें आईपीएल के शेष सत्र से बाहर होना पड़ा था।

आईपीएल-13

पंजाब ने मुंबई को हराकर आईपीएल में उम्मीदें जगाने वाली जीत हासिल कर ली

सुपर ओवर के बाद दूसरे सुपर ओवर में जीता पंजाब

दुबई । क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि मैच और सुपर ओवर टाई होने के बाद दूसरे सुपर ओवर में मैच का फैसला हुआ और किंग्स इलेवन पंजाब ने सांसों को रोक देने वाले रोमांचक मुकाबले में रविवार को मुंबई इंडियंस को हराकर आईपीएल में उम्मीदें जगाने वाली जीत हासिल कर ली।

मुंबई ने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के 53 और कीरोन पोलार्ड की नाबाद 34 रन की पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि पंजाब ने कप्तान लोकेश राहुल के 77 रनों से छह विकेट खोकर 176 रन बनाये और स्कोर टाई होने पर मैच फैसले के लिए सुपर ओवर में चला गया। पहले सुपर ओवर में पंजाब ने पांच रन बनाये जबकि मुंबई भी पांच रन ही बना सकी। दूसरे सुपर ओवर में मुंबई ने 11 रन बनाये जबकि पंजाब ने 15 रन बनाकर मैच जीत लिया।

पंजाब ने जसप्रीत बुमराह के पहले सुपर ओवर में निकोलस पूरन और लोकेश राहुल के विकेट खोकर पांच रन बनाये। मुंबई की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा और क्विंटन डी कॉक मैदान पर उतरे। पंजाब के लिए मोहम्मद शमी सुपर ओवर डाल रहे थे। शमी की पहली पांच गेंदों पर चार रन गए लेकिन आखिरी गेंद पर डी कॉक के रन आउट होने से स्कोर टाई हो गया और मैच फैसले के लिए फिर एक और सुपर ओवर में चला गया। शमी के सुपर ओवर में भी पांच रन गए। दूसरे सुपर ओवर में मुंबई की तरफ से हार्दिक पांड्या और कीरोन पोलार्ड उतरे जबकि पंजाब के लिए गेंद डालने आये क्रिस जॉर्डन। मुंबई ने 11 रन बनाये। मुंबई की तरफ से दूसरा सुपर डालने आये ट्रेंट बोल्ट और सामने थे क्रिस गेल और मयंक अग्रवाल। गेल ने पहली गेंद पर छक्का मारा और दूसरी गेंद पर सिंगल लिया जबकि मयंक ने तीसरी और चौथी गेंद पर चौका मार कर मैच समाप्त कर दिया। पंजाब की नौ मैचों में यह तीसरी जीत है और वह छह अंकों के साथ छठे स्थान पर आ गया है।

जबकि मुंबई को नौ मैचों में

प्लेऑफके लिए उतरेगी दिल्ली, पंजाब करेगी पलटवार

दुबई । आईपीएल 13 में बेहतर प्रदर्शन कर रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफप्लेऑफमें क्वालीफाई करने के इरादे से उतरेगी जबकि पंजाब की टीम पलटवार करने उतरेगी। दिल्ली ने पिछले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी सातवीं जीत दर्ज की थी। पंजाब ने भी अपने पिछले मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को सुपर ओवर में हराकर टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें बरकरार रखी थी। दिल्ली के नौ मैचों में सात जीत, दो हार के साथ 14 अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है जबकि पंजाब के नौ मुकाबलों में तीन जीत, छह हार के साथ छह अंक हैं और वह छठे स्थान पर है।

मलिक, सरफराज, आमिर जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज से बाहर

इस्लामाबाद । पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सीमित ओवर की सीरीज के लिए शोएब मलिक, सरफराज अहमद और मोहम्मद आमिर को संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर रखा है जबकि युवा बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक को जगह दी है। पाकिस्तान को जिम्बाब्वे के खिलाफ 30 अक्टूबर से तीन वनडे खेलने हैं। वनडे के बाद लाहौर में दोनों टीमों के बीच तीन टी-20 मैच का आयोजन होगा। पाकिस्तान ने इस सीरीज के लिए 22 संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की है। पाकिस्तान के मुख्य कोच मिस्बाह ने कहा, ÷मोहम्मद हाफीज और वहाब रियाज टीम के दो सीनियर खिलाड़ी हैं जिन्हें बल्लेबाजी और गेंदबाजी के उनके अनुभव के आधार पर संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया है और उनके रहने से युवाओं को फायदा मिलेगा। 20 वर्षीय शफीक सेंट्रल पंजाब के लिए खेलते हैं और उन्होंने नेशनल टी-20 कप में बेहतरीन प्रदर्शन किया था और वह टूर्नामेंट के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 358 रन बनाए थे और एक शतक भी जड़ा था। संभावित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है: अब्दुल्लाह शफीक, अबिद अली, बाबर आजम, फखर जमान, हैदर अली, हैरिस सोहेल, इफ्तिकार अहमद, इमाम-उल-हक, खुशदिल शाह, मोहम्मद हाफीज, मोहम्मद रिजवान, रोहेल नजीर, इमाद वसीम, शादाब खान, उस्मान कादिर, जफर गोहार, फहीम अशरफ, हैरिस रोफ, मोहम्मद हसनैन, मुसा खान, शाहीन शाह और वहाब रियाज।

इमरती देवी पर टिप्पणी के लिए सोनिया-प्रियंका माफी मांगें, कमलनाथ को कांग्रेस से

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा के नेतृत्व में ग्वालियर में हुआ मौन धरना

नव प्रदेश संवाददाता

ग्वालियर। नवरात्रि के पर्व पर जब पूरा देश मां और नारी शक्ति की अराधना कर रहा है, उस समय डबरा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने श्रीमती इमरती देवी के बारे में अपशब्द कहे, वो पूरी नारी जगत और अनुसूचित जाति समाज का अपमान है। अब इस मुद्दे पर सोनिया गांधी और प्रियंका वाड्रा देश से माफी मांगें और कमलनाथ को पार्टी से बाहर करें। इस मुद्दे पर पार्टी पुलिस में कमलनाथ के खिलाफ एफआईआर भी कराएगी। यह बात आज फूलबाग में विशाल मौन व्रत के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस नेताओं ने नैना साहनी हत्याकांड किया, प्रीति श्रीवास्तव को कुचलकर मार डाला, ठीक उसी प्रकार श्रीमती इमरती देवी के लिए अपमान वाले शब्दो का उपयोग पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किया है। यह कांग्रेस की मानसिकता का परिचायक है। एक दलित महिला के अपमान के लिए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी व प्रियंका वाड्रा देश की नारी शक्ति से माफी मांगे और ऐसी सोच रखने वाले कमलनाथ को पार्टी से निष्कासित करें। प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि श्रीमती इमरती देवी तो कमलनाथ को भाई मानती थीं और पैर छूती थीं, फिर भी उनके बारे में ऐसे शब्द कहे। भाजपा नेताओं ने सोमवार को दो घंटे पूरे राज्य में मौन धरना देकर प्रदर्शन किया है और अब देश व प्रदेश की महिलाएं इस अपमान का जबाव देंगी। भाजपा ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की है और जल्दी ही पुलिस में भी इसकी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि श्रीमती इमरती देवी के लिए अपमानजनक शब्द कहने पर महिलाओं और दलितों की बात करने वाली सोनिया गांधी और प्रियंका वाड्रा को माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि इस मुद्दे पर जितना भी पश्चाताप किया जाए, उतना कम है। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि समझ में नहीं आता कि कांग्रेस के नेताओं का क्या हो गया है। कोई नेता महिलाओं को टंच माल बोलता है तो कोई आइटम। इससे कांग्रेस का महिला विरोधी चरित्र उजागर हो गया है और यही कारण है कि कांग्रेस लगातार हाशिए पर आती जा रही है और आने वाले समय में और ज्यादा किनारे लग जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता जितना भी पश्चाताप करें, उतना कम हैं। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी यदि महिलाओं और दलितों के हित की बात करती हैं तो माफी मांगे। उन्होंने कहा कि श्रीमती इमरती देवी के लिए अपमानजनक शब्द कहने के विरोध में सोमवार को भाजपा नेताओं ने पूरे राज्य में मौन धरना देकर प्रदर्शन किया है और इस मामले में चुनाव आयोग से भी शिकायत की जा रही है। श्री तोमर ने स्पष्ट किया कि चुनाव में जो प्रचार की मर्यादा हमारे पूर्वजों ने बांधी है, उसको लांघने पर गंभीर परिणाम होंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री प्रभात झा ने कहा कि नवरात्रि में देवियों की पूजा हो रही है और श्री कमलनाथ ने मातृशक्ति देवी माता बहनों के बारे में जो टिप्पणी की है, यह नवरात्रि में देवी का अपमान है, नारी शक्ति का अपमान है और इसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। हम शुरू से कह रहे हैं कि यह राजनेता नहीं, यह उद्योगपति है और इनकी मानसिकता कैसी है, इस अमर्यादित टिप्पणी से पूरी देश की जनता ने कमलनाथ को समझ लिया है। क्या यह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने लायक थे, माता बहनों के प्रति ये अशोभनीय टिप्पणी है, कलंकित करने वाली है और यह कांग्रेस को कलंकित कर रही है। कमलनाथ गंदी मानसिकता से राजनीति में काम कर रहे हैं और इसलिए मध्य प्रदेश के अनुसूचित जाति के महिला पर यह टिप्पणी पूरे मध्यप्रदेश के महिलाओं का अपमान है, दलितों का अपमान है, अनुसूचित जाति का अपमान है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने मौन धरने का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, सीधी सांसद रीति पाठक, वरिष्ठ नेता श्री जयभान सिंह पवैया, संभागीय संगठन मंत्री श्री आशुतोष तिवारी, श्री उमाशंकर गुप्ता, श्री गौरीशंकर बिसेन, श्री अजय विश्नोई, श्री ध्यानेंद्र सिंह, भाजपा प्रत्याशी श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, श्री मुन्नालाल गोयल, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री लोकेंद्र पाराशर, जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, भिंड जिलाध्यक्ष श्री नाथू सिंह गुर्जर, वरिष्ठ नेता श्री जयसिंह कुशवाह, श्री देवेश शर्मा, श्री जयप्रकाश राजौरिया, श्री शरद गौतम, श्री महेश उमरैया, श्री राकेश जादौन, श्री राकेश गुप्ता, श्री अशोक जादौन, श्री रामेश्वर भदौरिया, श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती समीक्षा गुप्ता, श्रीमती खुशबू गुप्ता, श्रीमती विनती शर्मा, श्रीमती रीना सोलंकी, श्रीमती व्यंजना मिश्रा, श्रीमती रेशु राजावत, श्रीमती मीना सचान, श्रीमती रितु शेजवार, श्री अशोक शर्मा, श्री बालखांडे, श्री विवेक चैहान, श्री निर्दोष शर्मा, श्री हरीश यादव, श्री अशोक पटसारिया, श्री राकेश खुरासिया, श्री नीलिमा शिंदे, श्री गंगाराम बघेल, श्री किशन मुदगल, श्री शिवेंद्र राठौर, श्री मोहन विटवेकर, श्री जगत कौरव, श्रीमती नीरू ज्ञानी, श्री मान सिंह राजपूत, श्री अशोक बांदिल, श्री सोमेश महंत, श्री विवेक शर्मा, श्री राजू सेठ, श्री राजेंद्र जैन, श्री पूरन सिंह भदौरिया, श्री ओमप्रकाश शेखावत, श्री सुघर सिंह पवैया, श्री रमेश सेन, श्री मनोज तोमर, डॉ राकेश रायजादा, श्रीमती अंजलि रायजादा, श्री राजेश महोविया, श्री गजेंद्र राठौर, श्री सोनू मंगल, श्री शैलेंद्र सिकरवार, श्री राजीव पाराशर, श्री अनिल त्रिपाठी, नरेश कटारे, अजीत बरैया, धर्मेंद्र राणा, रूकमणि जोशी, हरीश मेवाफरोश, अशोक साहू, सुशील वर्मा, देवेंद्र पवैया, महेंद्र सेंगर, श्यामानंद शुक्ला, चंद्रप्रकाश गुप्ता, दीपक पमनानी, बिरजू शिवहरे, राजू सेंगर सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नपा सीएमओ मिनी अग्रवाल का दिखा जज्बा और जुनून

नव प्रदेश संवाददाता

श्योपुर। वैश्य महासम्मेलन की संभागीय उपाध्यक्ष श्रीमती रागिनी जैन जिला प्रभारी श्रीमती रूपा तोषनीवाल जी जिला अध्यक्ष श्रीमती अर्चना गर्ग जिला महामंत्री विदिशा जैन महामंत्री ज्योति बिंदल नगर अध्यक्ष श्रीमती अर्चना गोयल सविता मित्तल प्रीति गोयल सगुन मित्तल सहित समस्त वैश्य समाज की महिला मंडल ने आज वैश्य समाज की पहली नगर पालिका महिला सीएमओ सुश्री मिनी अग्रवाल जी को बानाए जाने पर आज उनके बंगले पर जाकर उनका स्वागत सम्मान किया। सुश्री मिनी अग्रवाल जी जो कि सभी के लिए एक बहुत बड़ा इतिहास है जिन्होंने अपने जीवन में कठोर परिश्रम के बाद भी अपनी हार नहीं मानी और अपने जज्बे और अपनी स्टेडी पर कड़ी मेहनत कर आज वह नगर पालिका सीएमओ पद पर पदस्थ हैं हालांकि उनके हौसले और जज्बे को हम कद्र करते हैं सपने तो सभी के होते हैं सपने सभी सजाते हैं लेकिन सपनों को पूरा करना वही जिंदगी का एक बहुत बड़ा महत्व होता है जोकि सुश्री मिनी अग्रवाल जी ने कर दिखाया है जिनके जीवन में अनेकों विपदाएं आई लेकिन उन्होंने अपने हौसले को कायम रखा ओर अपनी मंजिल पाने का इरादा कर लिया जब मिनी अग्रवाल जी 12 साल की थी उनका एक ऑपरेशन हुआ 8 साल उन्होंने बिस्तर पर ही गुजारे फिर भी उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी क्योंकि उन्हें अपनी मंजिल पाना था जीवन में उनके अनेकों मोड़ आए लेकिन उन्होंने आईएएस बनने का इरादा किया था लेकिन वो इरादा अभी उनका पूरा नहीं हुआ है लेकिन अभी भी वह अपना वादा पूरा करने में लगी हुई है जिस स्थिति में आज मिनी अग्रवाल जी खड़ी हुई है अगर इस स्थिति में कोई और भी होता है तो उसकी जिंदगी में विपधाएं भी आती है इंसान अपने जीवन का महत्व समझ नहीं पाता है लेकिन मिनी अग्रवाल जी ने अपना हौसला जज्बा कायम रखा और अपने लक्ष्य पर कायम रही जीवन में उनको

बारदात की नीयत से कट्टा लिए घूम रहे युवक को दबोह पुलिस ने पकड़ा

भिंड। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन के मार्गदर्शन में एबम लहार एस.डी.ओ.पी अवनीश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत थाना प्रभारी दबोह विनोद बिनायक करकरे ने एक कट्टाधारी युवक को मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा। थाना प्रभारी दबोह विनोद विनायक करकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि दबोह पुलिस अपने डेली रूटीन के तहत क्षेत्र में गश्त पर थी, उसी दौरान मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि एक युवक बारदात की नीयत से समथर तिराहा दबोह के पास कट्टा लिए घूम रहा है मुखबिर की सूचना की तुरंत तस्तीक की गई मुखबिर के बताए स्थान पर एक टीम गठित कर भेजी गई और पुलिस जैसे ही मुखबिर के बताए स्थान पर पहुँची तो पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की पर पुलिस की घेराबंदी के चलते भागने में नाकामयाब रहा और पकड़ा गया जिसने पूंछतांछ में अपना नाम तिलक सिंह पुत्र मेहरबान ढीमर उम्र 26 बर्ष निबासी जाखोली थाना दबोह का होना बताया को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कमर में एक 315 बोर का कट्टा एवम एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपी के विरूद्ध दबोह

थाना प्रभारी कोतवाली उदयभान सिंह यादव की कार्यवाही

पुलिस ने पकड़ी 10 लाख की स्मैक

नव प्रदेश संवाददाता

भिंड। पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन द्वारा चलाए जा रहे स्मैक, गांजा बेचने वाले आरोपियों की धरपकड़ अभियान में कोतवाली थाना प्रभारी उदयभान सिंह यादव को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि लहार क्षेत्र के दो युवक उत्तर प्रदेश से स्मेक लाकर भिंड में बेचने की फिराक में एम.जे.एस कॉलेज के पास खड़े है मुखबिर की सूचना पर तस्तीक करते हुए टीम बनाकर भेजी गई जैसे ही पुलिस की टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँची बैसे ही पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने की कोशिश की पर नाकामयाब रहे और पुलिस द्वारा उक्त दोनों युवकों को दबोच लिया गया जिन्हें पकड़कर थाने ले जाकर कड़ाई से पूंछतांछ की गई तो आरोपियों ने अपना नाम ओमप्रकाश पुत्र भदोले कुशवाह उम्र 35 बर्ष एवम राजेश कुशवाह पुत्र महेश कुशवाह उम्र 25 बर्ष निबासी महाराणा प्रताप चौराहा थाना लहार पकड़े गए आरोपियों से 94 ग्राम स्मेक कीमत करीब दस लाख रुपये एक ग्लेमर मोटरसाइकिल पकड़ी गई उक्त आरोपियो पर कोतवाली भिंड में अपराध क्र.495/20 धारा 8/21,29 एनडीपीडीएस एक्ट के तहत मामला कायम कर माननीय न्यायालय में पेश कर दाखिले हबालात किया गया ।

आरोपी कई बर्षो से कर रहे अबैध हथियार एबम स्मेक बेचने का धंधाः सिटी कोतवाली पुलिस भिंड में स्मेक बेचते हुए पकड़े गए आरोपियों पर पूर्व में भी कई थानों में अबैध हथियार,शराब एबम स्मेक जैसे मादक पदार्थ बेचने के प्रकरण पंजीबद्ध है आरोपियों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है एबम बरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिवेदन के बाद आगामी कार्यबाहीयों को भी अंजाम दिया

बीआरसी में प्रोटोकॉल की उड़ाई जा रही धज्जियां

दफ्तर की कुर्सियों पर बैठ युवक लगा रहा सुट्टा

भिंड । जिले में अगर शासकीय विभागों की बात की जाए तो सबसे बुरे हालात किसी विभाग के हैं तो वह शिक्षा विभाग है यहां ना तो कर्मचारी मौजूद रहते हैं और ना ही श्रीमान अधिकारी महोदय जब अधिकारी व कर्मचारी विभाग में मौजूद ही ना हो तो उस कार्यालय का हाल बेहाल होना लाजमी है। भिंड बीआरसी कार्यालय में अनियमितताओं का भंडार है यहां एक और दीवारों पर स्वच्छ भारत लिखा है तो वहीं दूसरी ओर बीआरसी कार्यालय के अंदर ही दीवारों के कॉर्नर पर गंदगी देखी जा सकती है । जिला प्रशासन एवं राज्य शासन द्वारा शिक्षा के स्तर को बढ़ाने व सुधारने के प्रयास हेतु लाखों करोड़ों रुपए शिक्षा विभाग को बजट के रूप में दिया जाता है। लेकिन यह स्तर और सुधार सिर्फ कागजों में होता है, जबकि हकीकत तो यह है कि शिक्षा विभाग के प्रत्येक कार्यालयों में अनियमितताओं का भंडार है जिले में आचार संहिता लागू है फिर भी कर्मचारी कार्यालय में समय पर उपस्थित नहीं होते और जो होते हैं उनके पास काम नहीं होते तभी तो यहां वहां से आए लोगों को बैठा कर गप्पे हांकते रहते हैं और बीड़ी-सिगरेट के सुट्टे कार्यालय में बेधड़क लगाए जाते हैं और जब इनसे स्टाफ की जानकारी पूछी जाए तो इनका कहना होता है के स्टाफ चुनाव ड्यूटी में व्यस्त है या फिर फ़ील्ड पर है जबकि वास्तविकता तो यह है कि आज भले ही इनके पास चुनाव ड्यूटी का बहाना हो लेकिन हकीकत में बीआरसी कार्यालय मैं पदस्थ कर्मचारी कभी कार्यालय में उपस्थित नहीं होते ना ही इनके आने का कोई समय होता है। इससे आप अनुमान लगा सकते हैं कि ना तो बीआरसी महोदय अपने पद की जिम्मेदारी समझते हैं और ना ही कार्यालय की। तभी आज जब समय 4-00 बजे एक पत्रकार महोदय बीआरसी ऑफिस में पहुंचे तो पाया बीआरसी के ऑफिस में कुंडी लगी हुई है और ऑपरेटर रूम में एक महाशय बैठकर सुट्टा लगा रहे हैं जब उन महाशय से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मैं यहां का स्टाफ नहीं हूं जब सुट्टा

अब इनकी सुने

मैं डीपीसी कार्यालय में ड्यूटी पर हूं। बीड़ी पीने वाला व्यक्ति बीआरसी कार्यालय से संबंधित नहीं है फिर भी संबंधित व्यक्ति की जानकारी ली जाएगी।

पंकज जयंत,
बीआरसी भिंड

काए भैया पिछली बार तो तुम जा प्रत्याशी को खराब बता रहे थे...

पूर्व विधानसभा में जनता के सवालों का जबाब देने में कार्यकर्ताओं को आ रही परेशानी

नव प्रदेश संवाददाता

ग्वालियर। काए भैया पिछली बार तो तुम जा प्रत्याशी को खराब बता रहे थे और इसको वोट देने की मना कर रहे थे। लेकिन जा बार तुम खुद ही इसका प्रचार कर रहे हो और हमसे इसको ही वोट देने को कह रहे हो। आखिर माजरा क्या है? कुछ इस तरह का हाल पूर्व विधानसभा में जनता के बीच प्रत्याशियों के समर्थकों का हो रहा है। जिसका कारण इस बार दोनो ही प्रमुख दलों के प्रत्याशियों ने अपने-अपने दल बदल लिए हैं। जिले की पूर्व विधानसभा पर वर्ष 2018 में जहां मुन्नालाल गोयल कांग्रेस से चुनाव लड़े थे। वहीं सतीश सिकरवार भाजपा से मैदान में उतरे थे। मगर इस बार मुन्नालाल गोयल भाजपा से उ मीदवार हैं तो सतीश सिकरवार कांग्रेस से उ मीदवार हैं। जिसके चलते वर्ष 2018 में कांग्रेस के कार्यकर्ता सतीश को पूरी तरह खराब बताकर जनता को मुन्नालाल को वोट देने के लिए कह रहे थे। मगर इस बार वही कार्यकर्ता अब उसी सतीश सिकरवार को वोट देने के लिए जनता के बीच जा रहे हैं। जिसे वह पिछली बार बहुत ही बुरा आदमी साबित करने पर तुले हुए थे। वहीं मुन्नालाल गोयल को लेकर भी भाजपा के कार्यकर्ताओं की हालत भी कुछ ऐसी ही है।

पहले कांग्रेस बता रही थी वसूली वाला अब भाजपाः कांग्रेस के उ मीदवार सतीश सिकरवार को लेकर वर्ष 2018 में कांग्रेस की तरफ से यह आरोप लगाए जा रहे थे कि वह अनाधिकृत रुप से वसूली करते हुए लोगों से चंदा उगाहते हैं। जबकि भाजपा तब उनके बचाव में इसको गलत बता रही थी। वहीं अब यह आरोप भाजपा के प्रत्याशी के होर्डिंग्स आदि पर साफ रुप से लिखे देखे जा सकते हैं। लेकिन इस बार कांग्रेस ने इन बातों पर चुप्पी साध ली है।

मुन्ना को लेकर भी हो रही अपच भाजपा में: वहीं पूर्व के प्रत्याशी मुन्नालाल गोयल को लेकर भाजपा में अपच की स्थिति है। हालांकि पिछले 15 महीने के कार्यकाल को लेकर कांग्रेस ने उन पर ज्यादा हमला नहीं बोला है। मगर उनके कार्यकाल को भ्रष्टाचार का कार्यकाल जरुर कहा जा रहा है। मगर उनके ऊपर सीधे तौर पर सरकार को गिराने के लिए करोड़ों रुपए लेने का आरोप बहुत ही प्रमुखता से लगाया जा रहा है। जिसको लेकर अब भाजपाई कार्यकर्ताओं को इस बात का जबाब देने में जरुर परेशानी हो रही है।

दोनो तरफ भितरवाघात से उ मीदें: वहीं इन दोनों प्रत्याशियों की निगाहें सामने वाले के लिए होने वाले भितरघात पर टिकी हुई हैं। जिसके चलते सूत्रों की मानें तो भितरघात के लिए संभावित लोगों को अपने पास एकत्रित करते हुए उनको भरपूर मदद की जा रही है। जिसका कारण पूर्व विधानसभा में भरपूर मात्रा में दोनों ही दलों के पास अति महत्वाकांक्षी लोगों का जमावड़ा होना है।

हत्या के आरोपियों से परेशान होकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

दतिया। जिगना क्षेत्र के ग्राम हतलई में बीते महीने घटित एक हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी पीड़ित पक्ष के परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे एवं ग्राम में खुलेआम हथियार लेकर घूम रहे हैं। फरियादी पक्ष की ओर से विवेक पुत्र ओम प्रकाश भार्गव ने पुलिस कप्तान गुरुकरण सिंह को आवेदन देकर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसपी को दिए आवेदन में बताया गया कि 21 सिंतबर को विवेक भार्गव को हत्या कर दी थी जबकि उसके भाई ओमप्रकाश की मार पीट की थी इस मामले में उसी ग्राम के कपिल,धर्मेद्र,रविशंकर,भगवत, उमेश फरार हो कर ग्राम में ही हथियार लेकर घूम रहै है। प्रार्थी राहुल ने बताया कि वह दतिया में एचडीएफसी बैंक में नोकरी करता है एवं उसका हाल निवास दतिया दिनारा रोड पर ही है जिससे उसे एवं उसके परिवार को फरार चल रहे आरोपियों से जान माल का खतरा बना हुआ है अतः उसे बन्दूक का लाइसेंस

32 बोर की देशी पिस्टल लिये आरोपी को किया गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

अम्बाह। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देश पर एसडीओपी अंबाह अशोक सिंह जादौन के मार्गदर्शन मे चलाये जा रहे अवैध हथियार व बदमाशो की धरपकड़ अभियान के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पचासा ग्राउण्ड बिजली घर के पास पर अवैध हथियार लेकर खड़ा है मुखविर से सूचना पाकर पुलिस पचासा ग्राउण्ड बिजली घर के पास पहुँची और आरोपी गब्बर सिंह पिता

बारेलाल सखवार उम्र 20 साल निवासी धोबाटी थाना दिमनी को पकड़कर उससे एक 32 बोर की देशी पिस्टल व एक 32 बोर के जिन्दा राउन्ड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया थाना अम्बाह में आरोपी के विरुद्ध अप.क्र.727/20 धारा 25.27 आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया।इस कार्यवाही में थानां प्रभारी योगेन्द्र सिंह, एसआई विवेक राय. नरेन्द्र मौर्य . प्रशांत , कुलदीप, योगेन्द्र राजे ,महेश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

आगामी आदेश तक धार्मिक स्थलों पर मेलों का आयोजन प्रतिबंधित

नव प्रदेश संवाददाता

श्योपुर। मध्य प्रदेश शासन द्वारा आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए तथा कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु विस्तृत दिशा- निर्देश जारी किए हैं। शासन जारी आदेश के अनुसार 16 अक्टूबर से आगामी आदेश तक राज्य में धार्मिक स्थलों आदि पर मेलों का आयोजन प्रतिबंधित रहेगा। गृह विभाग द्वारा पूर्व में जारी किए गए आदेश, जिसमें समस्त दुकानें रात्रि 8 बजे तक ही खुलने की अनुमति का उल्लेख था, अब निरस्त कर दी गई हैं। अर्थात् प्रदेश में अब दुकानें, बाजार, मॉल अपने निर्धारित समय तक खुले रह सकेंगे। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा खुले मैदान में कार्यक्रमों के लिए मैदान के आकार को दृष्टिगत रखते हुए तथा फेस मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनेटाईजेशन एवं थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था के पालन करने की शर्त पर 100 से अधिक संख्या के जनसमूह के कार्यक्रमों के लिए अनुमति प्रदाय की जा सकेगी। कन्टेनमेंट जोन में इस प्रकार का कोई भी कार्यक्रम नहीं किया जा सकेगा।

लिखित में देना होगा आवेदनः कार्यक्रम के लिए आयोजकों को जिला प्रशासन को लिखित में आवेदन करना आवश्यक होगा तथा आवेदन में कार्यक्रम की तिथि, समय, स्थान एवं संभावित संख्या का उल्लेख करना आवश्यक होगा। जिला कलेक्टर द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र पर विचारोपरान्त कार्यक्रम की लिखित अनुमति प्रदान की जायेगी, जिसमें उक्त संख्या एवं शर्तो का पालन कराने की जवाबदारी आयोजकों की होगी। उल्लेखनीय है कि आयोजकों द्वारा इस प्रकार के आयोजनों की वीडियोग्राफी करवाकर कार्यक्रम समाप्ति के 48 घंटों में प्रति जिला प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी।

दो सौ से अधिक श्रद्धालु न हों एकत्रितः धार्मिक स्थलों पर, जहां बंद कक्ष अथवा हॉल में श्रद्धालु एकत्र होते हैं, वहां कलेक्टर द्वारा कुल उपलब्ध स्थान के आधार पर इस प्रकार अधिकतम सीमा नियत की जा सकेगी, जिसमें उपलब्ध स्थान में श्रद्धालुओं के मध्य दो-गज दूरी सुनिश्चित करते हुए पूजा, अर्चना आदि की जा सके।

इमरती देवी पर की गई थी अनर्गल बयानबाजी

कमलनाथ द्वारा कथित टिप्पणी के विरोध में भाजपा नाराज

नव प्रदेश संवाददाता

मुरैना। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा मध्य प्रदेश की मंत्री श्रीमती इमरती देवी जी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में मुरैना भारतीय जनता पार्टी द्वारा नेहरू पार्क पर मौन व्रत किया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता पूर्व मंत्री बंशीलाल जी मुरैना विधानसभा भाजपा प्रत्याशी रघुराज कंसाना जी पूर्व जिला अध्यक्ष केदार सिंह यादव जी पूर्व महापौर अशोक अर्गल पूर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र तिवारी जी जिला उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह सिकरवार रामनरेश जी शर्मा जिला महामंत्री कमलेश कुशवाहा जी श्रीमती जया चतुर्वेदी जी जिला मंत्री सोनू परमार जी श्रीमती मनु शर्मा जी श्री कोशलेन्द्र अवस्थी जी जिला कार्यालय मंत्री राजेश सिंह सिकरवार जी मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदोरिया जी तीनों मंडल के अध्यक्ष सोनू शर्मा दिनेश शर्मा अनूप जैन जी वरिष्ठ भाजपा नेता हमीर सिंह पटेल जी श्री बल्लभ डंडोतिया अरविंद सिंह भदोरिया जी अरविंद सिंह सिकरवार अरुण परमार गोवर्धन पटेल जी युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक शर्मा जी चारू कृष्ण डण्डोतिया जी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेश खटीक जी संजय जी शर्मा सभाराम बेसन्दरा टिंकू दण्डोतिया महावीर माहौर राजू वर्मा लोकेंद्र दंडोतिया रंजीत कुशवाहा श्रीमती मीना सिंह सिकरवार रामवीर सिंह कंसाना कल्लू सिंह भदोरिया रामप्रसाद पारा रविकांत रजक हरेंद्र सिकरवार राहुल पचौरी सजल दंडोतिया तन सिंह जादौन पवन भारद्वाज दिलीप दंडोतिया अर्जुन तोमर आदि मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व्दारा इमरती देवी को लेकर दिये बयान पर भाजपा ने दिया धरना

अम्बाह। प्रदेश की कैबिनेट मंत्री इमरती देवी जी के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करने पर आज अम्बाह में नगर पालिका चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओ व्दारा मौन धरना दिया गया इस मौके पर भिंड सांसद श्री मती संध्या राय ने कहा कि सालों तक जिस बेटी ने कांग्रेस की सेवा की वहीं कांग्रेसी अब इमरती देवी के विरुद्ध अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं श्रीमती राय ने कहा कि इस तरह के बयानों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसका जवाब बहन बेटी इस उप बिधानसभा चुनाव में कांग्रेस को देंगी श्री मती राय ने कहा कि कमलनाथ को अपने बयान पर माफी मांगना चाहिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने कहा कि यह केवल इमरती देवी का ही नहीं बल्कि प्रदेश की बेटियों बहनों का अपमान है कमलनाथ एक बेटी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस दौरान भिंड लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती संध्या राय,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती कंचन चौहान, नगर अध्यक्ष कल्ला शर्मा, गजेंद्र सिंह तोमर, राज किशोर शर्मा, कविंद्र सिंह तोमर,साधु राठौर, श्रीमती किशोरी गुप्ता,अजय भदौरिया, ऋषि सखबार,गोलू भदौरिया, हरेंद्र गहलौत,बंटी चौहान, रामू तोमर, नूतन श्री वास्तव हेमंत श्री वास्तव, रवि

संपादकीय

चुनावी मौसम में नेताओं की बदजुबानी

जब भी कोई चुनाव आता है बयानवीर नेतओं के बीच विवादास्पद बयानबाजी करने की प्रतिस्पर्धा शुरू हो जाती है। हर राजनीतिक दल में ऐसे कई बड़बोले नेता है जो चुनाव के दौरान अपनी जुबान पर लगाम नहीं रख पाते। चुनाव में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने में कोई हर्ज नहीं है लेकिन अपने प्रतिद्वंदी के बारे में अपमान जनक शब्दों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए, खासतौर पर महिलाओं के प्रति तो नेताओं को अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए किन्तु मोहब्बत और अदावत की तरह ही सियासत में भी सब कुछ जायज मानने वाली नेताओं की जमात अक्सर लक्ष्मण रेखा पार कर जाती है। मध्यप्रदेश की कुछ सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे है। ऐसी ही एक विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने वहां से चुनाव लड़ रही एक महिला प्रत्याशी के बारे में अपमान जनक टिप्पणी कर दी इसके विरोध में जब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उपवास किया तो कमलनाथ के बयान को लेकर बवाल खड़ा हो गया। खुद को चौतरफा घिरते देख कमलनाथ ने सफाई दी है कि उन्होने भाजपा की महिला प्रत्याशी के खिलाफ दुर्भावनावश ऐसा नहीं कहा है, उन्होन जिस शब्द का इस्तेमाल किया है वह अपमान जनक नहीं है इसे ही कहते है कि पहले बदजुबानी करो और फिर उसपर सफाई देकर बच निकलो। इसके पूर्व भी कई नेता महिलाओं के बारे में अभद्र टीका टिप्पणी करते रहे है। इस मामले में कोई भी राजनीतिक दल दूध का धुला हुआ नहीं है। यह ठीक है कि चुनाव के दौरान नेता अपने विरोधियों को निशाला बनाते है लेकिन उनके बारे में अपनामजनक शब्दों का इस्तेमाल करने से उन्हे बचना चाहिए। ऐसी ओछी टिप्पणी कर के वे सभा में उपस्थित लोगों की तालियां जरूर बटोर लेते है लेकिन इसका खामियाजा उनकी पार्टी को भुगतना पड़ता है। चुनाव आयोग को चाहिए कि चुनाव के दौरान विवादास्पद और अपमानजनक टिका टिप्पणी करने वाले बयानवीर नेताओं की बदजुबानी पर लगाम लगाने के लिए वह कड़े कदम उठाएं।

विचार

संकट के अनजाने पहलू

साल 2020 में ग्लोबल अर्थव्यवस्था का आकार 4.4 फीसदी छोटा होगा। यही नहीं, कोविड-19 महामारी के चलते अगले पांच वर्षों में उत्पादन में गिरावट से लगभग 28 लाख करोड़ डॉलर के नुकसान का अंदेशा है। जाहिर है, पिछले महीनों में देखे गए थोड़े बेहतर नतीजों से ज्यादा उत्साहित नहीं हुआ जा सकता।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सालाना बैठक वॉशिंगटन में जिन हालात में और जिन चुनौतियों के बीच हो रही है, उनकी गंभीरता जगजाहिर है। 12 अक्टूबर से शुरू होकर 18 अक्टूबर तक चलने वाली इस बैठक से निकले नतीजों की जानकारी बैठक संपन्न होने के बाद ही मिल सकेगी, लेकिन इस बीच बुधवार को आईएमएफ की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टैलिना जॉर्जिएवा ने वर्चुअल मीडिया कॉन्फ्रेंस में जो बातें रखीं वे भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। उनसे यह साफ हो जाता है कि जिस संकट से दुनिया गुजर रही है उसके कई आयाम अभी खुलने बाकी हैं। दुनिया की हर अर्थव्यवस्था परेशानी से गुजर रही हो, ऐसे मौके ज्ञात इतिहास में विरले ही आए हैं लेकिन अभी स्थिति ऐसी ही है।

साल 2020 में ग्लोबल अर्थव्यवस्था का आकार 4.4 फीसदी छोटा होगा। यही नहीं, कोविड-19 महामारी के चलते अगले पांच वर्षों में उत्पादन में गिरावट से लगभग 28 लाख करोड़ डॉलर के नुकसान का अंदेशा है। जाहिर है, पिछले महीनों में देखे गए थोड़े बेहतर नतीजों से ज्यादा उत्साहित नहीं हुआ जा सकता। बीमारी की धमक कम पड़ने के साथ रिकवरी कुछ देशों और कुछ सेक्टरों में ही आ रही है। यह आगे भी दिखेगी, लेकिन आईएमएफ के मुताबिक यह रिकवरी न केवल आंशिक होगी बल्कि उतार-चढ़ाव वाली भी होगी। कुछ जानकार इसे च-शेप्ड रिकवरी बता रहे हैं, जिसका मतलब यह हुआ कि एक ही समय में कुछ देशों और सेक्टरों में हालात सुधरते नजर आ सकते हैं तो कुछ अन्य देशों और सेक्टरों में स्थिति लगातार नीचे जा सकती है। इसे रिकवरी माना भी जाए या नहीं, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। बड़ा सवाल यह है कि आखिर इन स्थितियों से उबरने के लिए हम कुछ कर सकते हैं या नहीं, और कर सकते हैं तो क्या। मीडिया कॉन्फ्रेंस में क्रिस्टैलिना जॉर्जिएवा ने जो तीन सुझाव रखे हैं वे गौर करने लायक हैं। पहला, बीमारी से निपटना, दूसरा लचीली और समावेशी अर्थव्यवस्था का निर्माण और तीसरा कर्जों पर ध्यान देना। पहले सुझाव पर तो कोई बहस ही नहीं है, पर अर्थव्यवस्था को लचीली और समावेशी बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। न केवल नई स्थितियों के अनुरूप नए प्रॉजेक्ट्स को प्रोत्साहित करने के मौलिक तरीके सोचने होंगे बल्कि उस तरफ बढ़ने की इच्छा और कौशल रखने वाले लोगों की पहचान कर उनकी असुरक्षा दूर करने के जतन भी करने होंगे। तीसरा, कर्ज का मामला इस अर्थ में खास है कि फिलहाल इसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं है। लेकिन 2021 में वैश्विक कर्ज ग्लोबल जीडीपी के 100 फीसदी की रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाने का अनुमान है। यही नहीं, तमाम सरकारें लंबे समय तक दोनों हाथों से कर्ज लेने को मजबूर हैं। सोचने की बात है कि ये कर्जे अगर समय से वापस नहीं हुए तो क्या होगा।

शान्तनु त्रिपाठी

शेख सबा का निधन एक सच्चे दोस्त का चले जाना

> अमीर के रहते भारत और कुवैत की बीच व्यापार के अलावा सांस्कृतिक क्षेत्र में भी काफी करीबी बढ़ी। इसकी बानगी उस वक्त देखने को मिली, जब 2009 में ''कुवैत में भारत का पर्व'' का आयोजन हुआ। जिसकी सह-मेजबानी भारत के सांस्कृतिक मंत्रालय और कुवैत के राष्ट्रीय सांस्कृति, कला और पत्र परिषद द्वारा की गई थी। भारत और कुवैत के संबंधों ने एक नया मुकाम उस वक्त हासिल किया, जब 2009 में भारत और कुवैत के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर हुआ। यह ऐसा दौर था जब दोनों देशों ने बदलती दुनिया में एक साथ चलने और नई तकनीकी को साझा करने का फैसला किया।

'अमीर एक दूरदर्शी नेता, भारत के सच्चे मित्र थे और हमारे द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने में उनके अपार योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।' यह ट्वीट विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ट्वीटर हैंडल से एक अक्टूबर 2020 को किया। उनका यह ट्वीट कुवैत के अमीर शेख सबाह अल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह के निधन पर नई दिल्ली स्थित कुवैत दूतावास में उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद आया। ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि किसी देश के शासक के निधन पर कोई भारतीय विदेश मंत्री उस देश के दूतवास पहुंचता है और उन्हें श्रृद्धांजलि देता है। यहां इन बातों का जिक्र करना इसलिए आश्यक है, जिससे भारत-कुवैत तथा भारत-अमीर शेख सबाह अल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह के बीच के संबंधों को समझा जा सके।

भारत और कुवैत के बीच मुधर एवं मैत्रीपूर्ण सम्बंध अतीत के अनेकों शताब्दियों से चले आ रहे हैं। भौगोलिक सन्निकटता, ऐतिहासिक व्यापार की कड़ी, सांस्कृतिक सम्बद्धता और विशाल संख्या में प्रवासी भारतीयों की उपस्थिति आदि इन सम्बंधों को सतत बनाए रखने के लिए इसका लगातार पोषण करते रहते हैं। वहीं बात अगर दिवंगत अमीर की करें तो उनका झुकाव हमेशा से भारत की तरफ रहा। कुवैत का अमीर बनने से पहले वह वहां के विदेश मंत्री (1962-2003) का पदभार भी संभाल चुके थे। इस दौरान उन्होंने कई बार भारत की यात्रा की थी। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने 1980, 1983 और 1993 में आधिकारिक तौर पर भारत का दौरा किया।

शेख सबाह अल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के खुले हिमायती थे। इसको हम ऐसे समझ सकते हैं कि कुवैत का अमीर बनने के तुरंत बाद उन्होंने जून माह में भारत की राजकीय यात्रा की थी। इसके बाद जून 2017 में वह निजी दौरे पर भी भारत आए। अक्टूबर 2019 में एक बार फिर वह भारत आने वाले थे, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वह नहीं आ सके। इन संबंधों की बानगी है कि भारत सरकार ने कुवैती नेतृत्व को शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को

शेख सबाह अल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह ने कुवैत का अमीर रहते हुए वहां रह रहे 10 लाख भारतीय प्रवासियों का हमेशा ख्याल रखा। वैश्विक संकट कोरोना के दौरान अमीर ने यह सुनिश्चित किया कि कुवैत में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य एवं क्वारंटीन की व्यवस्था मिले। यही नहीं वैश्विक महामारी के इस दौर में भारत ने भी कुवैत की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया और अपनी रैपिड रेस्पॉन्स टीम वहां भेजी। शेख सबाह अल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनका जाना भारत के लिए एक सच्चे दोस्त का चला जाना है, जिन्होंने हमेशा भारत और कुवैत के बीच आपसी विश्वास और भरोसे के संबंध को मधुर बनाने की पैरोकारी की। इसकी जिम्मेदारी अब नए अमीर शेख नवाफअल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह के कंधों पर है। देखने वाली बात यह होगी कि कुवैत के नए अमीर दिवंगत शेख सबाह अल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह की तरफसे भेंट की गई भारत और कुवैत की दोस्ती की विरासत को किस तरह से संभालते हैं।

11-12 अक्टूबर को कुवैत भेजा। इस दौरान धर्मेंद्र प्रधान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पत्र भी साथ लेकर गए और कुवैत के नेतृत्व को सौंपा।

वास्तव में भारत और कुवैत के संबंधों में नए युग की शुरुआत वर्ष 2006 में शेख सबा अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के कुवैत का अमीर बनने के बाद हुई। इसी वर्ष कुवैत विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय में एक भारतीय अध्ययन केंद्र की स्थापना हुई थी। आज कुवैत में संचालित 19 भारतीय विद्यालय हमारे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद के साथ सम्बद्ध हैं, जहां हजारों की संख्या में भारतीय छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। शेख सबा अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के अमीर रहते भारत और कुवैत के बीच व्यापारिक सम्बंधों ने नई ऊचाइयों को छुआ। आंकड़े देखने से पता चलता है कि, वर्ष 2012-13 में दोनों देशों के बीच 17.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। यही नहीं कुवैत 2017-18 में भारत का 9वां सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था और यह देश की ऊर्जा जरूरतों का लगभग 5 प्रतिशत हिस्सा पूरा करता है।

अमीर के रहते भारत और कुवैत की बीच व्यापार के अलावा सांस्कृतिक क्षेत्र में भी काफी करीबी बढ़ी। इसकी बानगी उस वक्त देखने को मिली, जब 2009 में ''कुवैत में भारत का पर्व'' का आयोजन हुआ। जिसकी सह-मेजबानी भारत के सांस्कृतिक मंत्रालय और कुवैत के राष्ट्रीय सांस्कृति, कला और पत्र परिषद द्वारा की गई थी। भारत और कुवैत के संबंधों ने एक नया मुकाम उस वक्त हासिल किया, जब 2009 में भारत और कुवैत के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर हुआ। यह ऐसा दौर था जब दोनों देशों ने बदलती दुनिया में एक साथ चलने और नई तकनीकी को साझा करने का फैसला किया।

शेख सबाह अल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह ने कुवैत का अमीर रहते हुए वहां रह रहे 10 लाख भारतीय प्रवासियों का हमेशा ख्याल रखा। वैश्विक संकट कोरोना के दौरान अमीर ने यह सुनिश्चित किया कि कुवैत में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य एवं क्वारंटीन की व्यवस्था मिले। यही नहीं वैश्विक महामारी के इस दौर में भारत ने भी कुवैत की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया और अपनी रैपिड रेस्पॉन्स टीम वहां भेजी। शेख सबाह अल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनका जाना भारत के लिए एक सच्चे दोस्त का चला जाना है, जिन्होंने हमेशा भारत और कुवैत के बीच आपसी विश्वास और भरोसे के संबंध को मधुर बनाने की पैरोकारी की। इसकी जिम्मेदारी अब नए अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह के कंधों पर है। देखने वाली बात यह होगी कि कुवैत के नए अमीर दिवंगत शेख सबाह अल-अहमद अल-जबेर अल-सबाह की तरफ से भेंट की गई भारत और कुवैत की दोस्ती की विरासत को किस तरह से संभालते हैं।



रंजना मिश्रा

टीआरपी मुक्त खबरें क्यों नहीं?

> देश के केवल 44 हजार घरों में ही टीआरपी मापने के मीटर लगे हैं, तो सवाल यह भी है कि केवल इतने घरों में लगे हुए टीआरपी मापने के मीटर पूरे देश की टीआरपी कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं? घोटाले के आरोपों के मुताबिक इन घरों में से कुछ घरों को कुछ रुपए देकर टीआरपी के आंकड़ों से छेड़छाड़ की गई है। आजकल अधिकतर न्यूज़ चैनल डिबेट दिखाते हैं, क्योंकि डिबेटों में टीवी का दर्शक उस न्यूज़ चैनल पर अपना ज्यादा समय खर्च करता है और जिससे उसकी टीआरपी बढ़ जाती है। आजकल ग्राउंड रिपोर्ट न्यूज़ चैनलों से धीरे-धीरे गायब ही होती जा रही है, क्योंकि अब कोई न्यूज़ चैनल ग्राउंड रिपोर्टिंग में मेहनत और पैसा खर्च करना नहीं चाहता और ना ही अपने रिपोर्टरों को बाहर भेजना चाहता है।

आम दर्शक तो टीवी पर केवल सच्ची और साफ-सुथरी खबरें ही देखना चाहते हैं, किंतु टीआरपी की होड़ ने आज न्यूज़ चैनलों की पत्रकारिता को इतने निचले स्तर पर ला दिया है कि अब अधिकतर न्यूज़ चैनलों पर सही न्यूज़ की जगह फेक न्यूज़ और डिबेट के रूप में हो हल्ला ही देखने-सुनने को मिलता है। सभी चैनल यह दावा करते हैं कि हम ही नंबर वन हैं। अभी हाल ही में देश के दो बड़े न्यूज़ चैनलों पर टीआरपी से छेड़छाड़ करने के आरोप लगे हैं। टीआरपी की इस होड़ ने न्यूज़ चैनलों की पत्रकारिता का स्तर इतना अधिक गिरा दिया है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी मीडिया पर दीमक सी लगती नजर आ रही है।

इसको साफ करने के उद्देश्य से हर हफ्ते गुरुवार के दिन टीआरपी यानी टेलीविज़न रेटिंग प्वाइंट जारी करने वाली संस्था बार्क (ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल) ने यह घोषणा कर दी है कि अगले 8 से 12 हफ्ते तक अलग-अलग न्यूज़ चैनलों के टीआरपी के आंकड़े जारी नहीं किए जाएंगे। इनमें हिंदी न्यूज़ चैनल, इंग्लिश न्यूज़ चैनल, बिजनेस न्यूज़ चैनल और क्षेत्रीय भाषाओं के सभी न्यूज़ चैनल शामिल हैं। बार्क का कहना है कि इस दौरान उनकी तकनीकी टीम टीआरपी मापने के मौजूदा मानदंडों की समीक्षा करेगी और जिन घरों में टीआरपी मापने वाले मीटर लगे हैं, वहां हो रही किसी भी प्रकार की धांधली और छेड़छाड़ को रोकने की कोशिश करेगी। कुछ न्यूज़ चैनलों द्वारा किए गए कथित टीआरपी घोटाले के कारण दो से तीन महीनों के लिए टीआरपी को रोक दिया गया है। अब सवाल यह उठता है कि दो से तीन महीनों तक न्यूज़ चैनलों की टीआरपी की गतिविधियों को रोककर मीडिया को साफसुथरा करने की जो कोशिश की जा रही है, क्या वो सच में कामयाब होगी? जिस चैनल की टीआरपी जितनी ज्यादा होती है उसे उतने ही ज्यादा और महंगे विज्ञापन मिलते हैं। टेलीविजन के सभी चैनलों के मुकाबले न्यूज़ चैनलों की भागीदारी बहुत कम है, किंतु दर्शकों पर इनका प्रभाव सबसे ज्यादा होता है। देश के केवल 44 हजार घरों में ही टीआरपी मापने के मीटर लगे हैं, तो सवाल यह भी है कि केवल इतने घरों में लगे हुए टीआरपी मापने के मीटर पूरे देश की टीआरपी कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं? घोटाले के आरोपों के मुताबिक इन घरों में से कुछ घरों को कुछ रुपए देकर टीआरपी के आंकड़ों से छेड़छाड़ की गई है। आजकल अधिकतर न्यूज़ चैनल डिबेट दिखाते हैं, क्योंकि डिबेटों में टीवी का दर्शक उस न्यूज़ चैनल पर अपना ज्यादा समय खर्च करता है और जिससे उसकी टीआरपी बढ़ जाती है। आजकल ग्राउंड रिपोर्ट न्यूज़ चैनलों से धीरे-धीरे गायब ही होती जा रही है, क्योंकि अब कोई न्यूज़ चैनल ग्राउंड रिपोर्टिंग में मेहनत और पैसा खर्च करना नहीं चाहता और ना ही अपने रिपोर्टरों को बाहर भेजना चाहता है। अब सवाल यह भी है कि टीआरपी मापने की जो व्यवस्था फिलहाल लागू है, वो क्या वास्तव में सही है? क्या यह व्यवस्था सच्ची और साफ-सुथरी खबरें दिखाने वाले न्यूज़ चैनलों के लिए उपयोगी है? जवाब है नहीं। यदि ये न्यूज़ चैनल डिबेट करना बंद कर दें, मनोरंजक खबरें देने की बजाय सच्ची और साफ-सुथरी खबरें दिखाना शुरू कर दें तो उनकी टीआरपी निश्चित ही बहुत नीचे आ जाएगी। जिससे विज्ञापनदाता उन चैनलों को विज्ञापन देना बंद कर देंगे और विज्ञापन न मिलने के कारण, उन चैनलों को अपने रिपोर्टरों को तनख्वाह देना भी मुश्किल हो जाएगा और इस कारण उन न्यूज़ चैनलों को फिर से डिबेट और सस्ती खबरों को दिखाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। डिबेट और सस्ती, मनोरंजक खबरें चैनल की टीआरपी को बढ़ा देंगे, जिससे आगे लोगों को यह भरोसा हो जाएगा कि यही मॉडल सही है। न्यूज़ चैनलों के न्यूज़ रूम में बैठे प्रोग्राम एडिटर और पत्रकारों के दिमाग में न्यूज़ बनाते समय केवल एक ही बात ध्यान में रहती है कि कौन सा प्रोग्राम और न्यूज़ ज्यादा टीआरपी लाएगा। टीआरपी की होड़ ने पत्रकारिता को इतना नीचे गिरा दिया है, कि आज एक न्यूज़ चैनल के एडिटर और न्यूज़ एंकर केवल एक एक्टर बन कर रह गए हैं।

अब आवश्यकता है कि टीआरपी की इस अंधी दौड़ को छोड़कर, न्यूज़ चैनलों का उद्देश्य, दर्शकों तक जरूरी खबरें और सूचनाएं पहुंचाना होना चाहिए, न कि मनमर्जी की खबरें दिखाना, और यह खबरें रिसर्च और ग्राउंड रिपोर्टिंग पर आधारित होनी चाहिए, यही पत्रकारिता का सच्चा धर्म है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुझे पता है कि स्त्री

मुझे पता है कि स्त्री और पुरुष दोनों ही एक दूसरे को बहुत प्यार करते हैं पर हर रिश्ते आत्मसम्मान बरकरार रखना बेहद महत्वपूर्ण है.. स्त्री शादी के बाद बहुत से बदलाव से गुजरती हैं कुछ खूबसूरत होते हैं कुछ संघर्ष से भरे.. पुरुष के मन मस्तिष्क में भी कई भावनाओं का आदान प्रदान चलता हैं.. दोनों ही रिश्ते हो अपनी समझ से चलाते हैं।

– अनुभूति 'अनु'

हे मां जगदम्बे मां

हे मां जगदम्बे माँ मेरी माता तुम से मेरा कैसा अद्भुत नाता हो तुम ही विश्व विधाता हे माँ काली ,हे मेरी माता ले कर खड्ग त्रिशूल शत्रुन को मारो ,मेरी माँ आज धरती पर देवी रूप धरो जो दुष्ट ले रहे लाज कन्याओं की उन के शीश भेंट करो फैल रहा आज अत्याचार जगत में अब शेर सवारी करो मेरी माँ।

– संध्या चतुर्वेदी

खास पाती

घर होते हुए भी हम यार

घर होते हुए भी, हम यार लोग बेघर से हैं, बाहर शीशमहल जैसे भीतर खंडहर से हैं, मुमकिन ही नहीं है, हुकुम टालना उनका, मैं ताबेदार उनका, वो साहिबे दफ़्तर से हैं, इश्क़ किए तो दीवारों में चुन दिए जाओगे, रिवाज़ आज भी यहां दरबारे अकबर से हैं, फटी चुनरी से ढाँपे बदन बेटी गरीब की है, जो खुद पहने फटा जींस अमीर घर से है, किसी रात अपनी आँखें खोदकर देखूंगा, देखूंगा अश्कों के झिर फूटते किधर से हैं।

– अनिल अनमोल शर्मा

फेर नेवता हे तोला दाई गरजत-गरजत

फेर नेवता हे तोला दाई गरजत-गरजत आबे चारों मुड़ा रार मचत हे सब्बोच ल सिरवाबे आज तो बैरी जुलमी मन उज्जर रंग म रहिथें तोप-ढांक के करम-दोष ल गुत्तुर-गुत्तुर कहिथें जतका देव-धरम के ठीहा सब म बैरी के बासा अब्बड़ खोज-खबर कर डारेन अब तोरे हे आसा शिव के शक्ति तोरेच भक्ति तहीं अब संहार कर संहारकर्ता के सहभागी पीड़ित जन के उद्धार कर।

– कवि सुशिल भोले

उलझे धागों की गांठों सी है जिन्दगी

उलझे धागों की गांठों सी है जिन्दगी गर एक सिरा थामा तो गांठे खुल ही जाएगी मुश्किलें ही तो है मंजिल की राह में जो चाहकर भी हौसलें ना रोक पाएगी बाधाओं का काम डगर मुश्किल करना पर हिम्मत को मेरी कभी ना तोड़ पाएगी बर्फ जमती है गर पहाड़ों पर पानी से तो आग है मुझमें जो बर्फ पिघलाएगी कहते है सब की लौट जा वापस पीछे ये बातें कदमों की रफ्तार कम ना कर पाएगी।

– मीना सोनी

तेरे पहलू के तपिश ए इंतज़ार

तेरे पहलू के तपिश ए इंतज़ार में लम्हा ए ख्याल गुजरता रहा.. साल-दर-साल खिसकता रहा कुछ दर्द सिसकते रहे इंतज़ार महकते रहे ..वो गुजरे लम्हों के अहसास तुझे बाँध तो मेरे भाव और शब्द की ये परिधि जिसमें तू आज भी जकड़ा हुआ मेरे भावों के आगोश तले तू आज भी सिमटा हुआ मेरी सोच के आवरण तले तू आज भी लिपटा हुआ।

– मीनाक्षी सिंह भरद्वाज

अस्त्र बड़ा ना शस्त्र सबसे बड़ा

अस्त्र बड़ा ना शस्त्र सबसे बड़ा प्रेम का वस्त्र जो भी ओढ़े ये प्रेम वस्त्र उसे शीत सताय ना भय एक ही वस्त्र हो वही चदरिया जिसमे राम नाम का सूत लगे राम नाम का ओढ़ चदरिया सब जन राम कै होई जाएँ हनुमान सो भक्ती मिले रखुवर हिए समाएं।

– प्रीती श्रीवास्तव

ये सभी ताम झाम रहने दे

ये सभी ताम झाम रहने दे । ये नज़र का भी जाम रहने दे ।। छोड़ दे खुद को मेरी बाहों में , खुशनुमां एक शाम रहने दे । इश्क़ का चर्चा हो ही जाता है , हो गया है तो आम रहने दे । हाथ कितने तेरे ये नाजुक हैं, छोड़ घर का भी काम रहने दे । प्यार देकर खरीद ले मुझको , तू मेरा दाम वाम रहने दे ।

– मित्र ग़ाज़ियाबादी

चाँद के देखे व्याकुल अंखिया

चाँद के देखे व्याकुल अँखिया , बरसात करे रतिया में। नींद भुलाइल अँखिया बाटे , हर बात करे रतिया में। दर्द बढ़ल बा दिल के एकर , नइखे कवनो मरहम पास , ई चाँद बनल बा बैरी काहे , घात करे रतिया में।

– 'ऐनुल' बरौलवी

QUIZ TIME

1) 1952 में चौकी विधानसभा क्षेत्र से कौन महिला पहली बार चुनी गई?

2) 21 जनवरी, 1922 को सिहावा-नगरी में कौन-सा सत्याग्रह किया गया था? (जंगल सत्याग्रह / नमक सत्याग्रह)

3) किसने 1983 ई. में 'पृथक छत्तीसगढ़ पार्टी' का गठन किया?

4) छत्तीसगढ़ में कुल राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई कितनी है?

5) किसे '1857 के महाविद्रोह का अंतिम शहीद ' कहा जाता है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कमला कुमारी (2) जंगल सत्याग्रह (3) पवन दीवान (4) 3222 कि.मी. (5) सुरेंद्र साय

आज का इतिहास

नई दिल्ली । 1568: अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया। 1740 : मारिया थेरेसा ऑस्ट्रिया, हंगरी और बोहेमिया के शासक बने। 1774 : कलकत्ता (अब कोलकाता) भारत की राजधानी बनी। 1880 : एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। 1855 : गुजराती साहित्य के कथाकार, कवि, और चरित्र लेखक गोवर्धनराम माधवराम त्रिपाठी का जन्म। 1904: चिली और बोलीविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किया। 1905: रूस में 11 दिन तक चली ऐतिहासिक हड़ताल की शुरुआत हुई। 1920 : पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर राय का जन्म। 1930 : भारत में उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश लीला सेठ का जन्म। 1946 : वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया। 1947 : अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये थे। 1962 : भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर युद्ध शुरू हुआ। 1963: दक्षिण अफ्रिका में नेल्सन मंडेला और आठ अन्य के खिलाफके खिलाफमामला शुरु।1964 : भारत के क्रांतिकारियों में से एक एच। सी। दासप्पा का निधन। 1970: सैयद बर्रे ने सोमालिया को समाजवादी राज्य घोषित किया। 1973 : ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी में ओपेरा हाउस को पहली बार जनता के लिए खोला गया। 1978 : प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी वीरेन्द्र सहवाग का जन्म। 1982 : वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा केरल और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल निरंजन नाथ वांचू का निधन।

क्षेत्र के विकास में नहीं आने दी जाएगी पैसे की कमी : शिवराज

नव प्रदेश संवाददाता

शिवपुरी। पोहरी विधानसभा सीट के उम्मीदवार सुरेश राठखेड़ा के समर्थन में झिरी में आयोजित चुनावी आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक ओर जहां भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को मंच से गिनाया वहीं दूसरी ओर कमलनाथ सरकार की डेढ़ साल के कार्यकाल की खामियों को जनता के बीच रखा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर आरोप लगाते हुए कहा कि डेढ़ वर्ष के अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में कमलनाथ ने प्रदेश के गांव-गरीब और किसानों की चिंता नहीं की। भाजपा सरकार द्वारा चलाई गई तमाम योजनाओं को खजाने में पैसे कमी बताकर बंद कर दिया था। लेकिन अब चिंता की बात नहीं हैं भले ही कोरोना काल के कारण प्रदेश सरकार का खजाना खाली हैं, लेकिन कहीं से भी पैसा लाकर जनता के दुःख दर्द को दूर करने के लिए पैसे की कमी नहीं आने देंगे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम ने दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी सुरेश राठखेड़ा ने भी जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस और विधायकी छोडने का कारण रखा। कार्यक्रम में पोहरी विधानसभा के प्रभारी चुरैठ विधायक शरतेन्दु तिवारी, विधायक शरद कॉल विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंच से जनता से सवाल करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अपशब्दों का उपयोग करते हुए उन्हें नंगे भूखा करार दे रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि नंगे भूखे और किसान के घर जन्म लेने वाले व्यक्ति को क्या सरकार चलाने का अधिकार नहीं हैं। वे मध्य प्रदेश के गांव जैतपुर की माटी में पले बढे हैं, कमलनाथ बतायें कि उनका जन्म कहां का हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में जनता के साथ धोखा किया गया । इतना ही नहीं बच्चों को जन्म देने वाली प्रसूताओं बहिनों के लड्डू छीने असमायिक मृत्यु होने पर मिलने वाले 4 लाख रूपए छीने। गरीब परिवारों को निःशुल्क कराई जाने वाली तीर्थ यात्रा भी छीनी इतना ही नहीं कफन का पैसा भी कमलनाथ ने गरीब जनता से छीनने का काम किया हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनता से वायदा करते हुए कहा कि अब शिवराज की सरकार हैं पैसे की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और कर्जमाफी की आस में जो किसान डिफाल्टर हुए हैं उन किसानों के ब्याज की राशि प्रदेश सरकार भरेगी। वहीं जिस क्षेत्र में सोयावीन की फसल खराब हुई हैं उस क्षेत्र का सर्वे करा लिया गया हैं। जिसका मुआवजा प्रदेश सरकार देगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि इस चुनाव से फैसला होगा कि प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान रहेगा या नहीं। इस चुनाव का परिणाम यह बताएगा कि कौन प्रदेश चलाएगा।

शिवपुरी शहर को मिली पहली प्लाज्मा सेपरेशन मशीन पीड़ितों को मिलेगा लाभ

जल्द बनाया जायेगा अलग से वार्ड

नव प्रदेश संवाददाता

शिवपुरी। जिला अस्पताल में विगत दिवस रक्त से प्लाज्मा अलग करने वाली प्लाज्मा सेपरेशन मशीन का लोकार्पण किया गया। सीएमएचओ डॉ. एएल शर्मा ने मशीन का लोकार्पण किया। अभी तक शहर में प्लाज्मा सेपरेशन मशीन न होने से या तो इन्हें बाहर जाना पड़ता था या फिर प्लाज्मा सहित ब्लड चढ़ाया जाता था। सीएमएचओ डॉ. एएल शर्मा ने बताया कि पिछले लंबे समय से थैलीसीमिया से पीडित बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसलिए हमने मशीन लगाने के साथ अभी अस्थाई वार्ड भी बना दिया है। जल्द ही इसके लिए अलग से वार्ड बनाया जाएगा। मशीन का लोकार्पण करने के साथ ही ब्लड से प्लाज्मा को सेपरेट कर पांच बच्चों को रक्त भी दिया गया। इसमें हार्दिका गर्ग, वंश श्रीवास्तव, कृष्णा पाल, ममता पाल और अवनीश कौर को प्लाज्मा निकालकर रक्त चढ़ाया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. पीके खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. शीतल व्यास, जिला लेखा प्रबंधक रश्मि गर्ग, प्रभारी डीईआइएम आरबीएसके अखिलेश शर्मा, ब्लड बैंक प्रभारी रायकबार आदि मौजूद थे।

महिला की संदिग्ध मौतः पति ने कहा सांप ने काटा, पिता बोले खाया है जहर

शिवपुरी। छर्च थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चांदपुर में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। महिला के पति का कहना है कि महिला को सांप ने काटा हैं, जबकि महिला के पिता का आरोप है कि उसने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। फिलहाल पुलिस ने महिला का पीएम करा कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मिथिलेश पत्नी करण सिंह कुशवाह उम्र 32 साल निवासी चांदपुर थाना छर्च को बीते रोज दोपहर 2 बजे उसका पति जिला अस्पताल लेकर आया। पति करण का कहना था कि उसकी पत्नी को सांप ने काट लिया हैं। किन्तु चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत मिथिलेश के पिता बद्री लाल पुत्र सहरिया उम्र 67 निवासी घुड़ापुरा का कहना है कि उसकी बेटी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है।

मृत मिथिलेश का शव पूरी तरह से अकड़ गया है और मिथलेश का पति करण झूठा बयान दे रहा है कि उसने जहर खाया है। इसकी शिकायत मृत मिथिलेश के पिता ने थाना छर्च में कर दी हैं। बताया जा रहा हैं कि मिथलेश करण सिंह की दूसरी

सुरक्षित स्थानों पर बनायें पंडाल

अस्थाई बिजली कनेक्शन लेकर ही झांकी-पंडाल को करें रोशन

नव प्रदेश संवाददाता

शिवपुरी। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली खंभों, ट्रांसफार्मर और बिजली लाइनों से दूर सुरक्षित स्थानों पर ही पंडाल बनाएँ, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो सके। बिजली लाइन व उपकरण अति संवेनशील होते है इसलिए समितियां इस बात का विशेष ध्यान रखकर ही पंडाल बनाएं एवं कार्यक्रम करें। विद्युत वितरण कंपनियों ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे रामलीला व दुर्गोत्सव के दौरान धार्मिक पंडालों एवं झाँकियों में बिजली साज-सज्जा, नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें। धार्मिक त्यौहार तथा अन्य सार्वजनिक अवसरों पर लगने वाले पंडालों को अस्थाई कनेक्शन देने के लिए विद्युत वितरण कंपनियों ने बेहतर प्रबंध किए हैं।

अस्थाई कनेक्शन लेने के लिये क्या करें: कंपनियों के निकटतम वितरण केन्द्र, सहायक अभियंता के कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थाई कनेक्शन के लिये आवेदन करें। कंपनी की वेबसाइट व ऐप के माध्यम से सही संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थाई कनेक्शन के लिये ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएं। आवेदन में दर्शाए अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनियों से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडालध्झांकी के सामने लगाएं। विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन के लिये लागू घरेलू दर पर की जाएगी। झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनाधिकृत तरीके से विद्युत का उपयोग न करें।

अस्थाई कनेक्शन न लेने से होने वाले नुकसानः अधिक भार से ट्रांसफार्मर के जलने की संभावना तथा दुर्घटना की आशंका हो सकती है। अनाधिकृत विद्युत उपयोग करने पर इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत उपयोगकर्ता एवं जिस विद्युत ठेकेदार से कार्य कराया गया है।

अधेड़ की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

शिवपुरी। करैरा थाना क्षेत्र के तहत आने वाले न्यू तहसील के पास स्थित ट्रैक्टर एजेंसी पर मिस्त्री का काम करने वाले अधेड़ व्यक्ति की शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने उसके शव को सुपुर्दगी में लेकर पीएम के लिए भिजवाया। वहीं परिजनों ने हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की है। 52 वर्षीय विष्णु पुत्र टिल्लूराम बाथम निवासी ढिमरयाना मोहल्ला करैरा न्यू तहसील के पास स्थित ट्रैक्टर एजेंसी पर मिस्त्री का काम करता था। रोजाना की तरह वह शनिवार को सुबह निर्धारित समय पर काम पर जाने के लिए घर से निकले थे। दोपहर में एजेंसी पर काम करने के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई। तबियत खराब होने पर एजेंसी के कर्मचारी इलाज के अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने अधेड़ युवक की नब्ज टटोलकर मृत घोषित कर दिया। किन्तु मृतक के बेटे महेन्द्र बाथम का कहना है कि शनिवार को दोपहर 2 बजे फोन आया था कि पिताजी की तबियत खराब हो गई है और उनका अस्पताल लेकर जा रहे हैं। जब मैं अस्पताल पहुंचा तो वहां एजेंसी का कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। सभी लोग मेरे पिता के शव को अस्पताल में छोड़कर चले गए। महेन्द्र ने बताया कि उनके पिता के सिर में चोट लगी थी उनकी शर्ट खून से बिगड़ी थी। बेटे ने पिता की हत्या करने की आशंका जाहिर करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। फरियादी बेटे की शिकायत पर

बूथ लेवल एप से हो सकेगी पहचान

शिवपुरी। विधानसभा उपचुनाव 2020 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव में सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में उप चुनाव वाले 19 जिलों के निर्वाचन अधिकारियों को बूथ लेवल एप के उपयोग के बारे में निर्वाचन आयोग के द्वारा बताया गया है। बूथ लेवल एप से मतदाताओं द्वारा मतदान के समय उसकी पहचान डिजिटल तरीके से हो सकेगी। इसमें मतदाता को प्रदाय वोटर स्लिप को मतदान केन्द्र पर स्केन करते ही उस समय तक कितने मतदाताओं द्वारा मतदान किया जा चुका है, इसकी पूरी जानकारी सर्वर पर मिल जाएगी और रीयल टाइम में मतदान का प्रतिशत भी ज्ञात हो सकेगा। यदि कोई मतदाता पुनः वोट डालने आ जाता है तो बूथ लेवल एप तत्काल उसकी पहचान कर लेगा। इससे फर्जी मतदान रोकने में सुविधा होगी।

नहीं थम रही साईबर क्राइम की घटनाएं

शिवपुरी। करैरा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 में एक ठग ने कस्टमर केयर बनकर एक युवक से उसकी बैंक संबंधित जानकारी मांगकर उसके खाते से 72 हजार 400 रुपए गायब कर दिए है । जानकारी के अनुसार आशीष पहारिया (30) पुत्र विजय पहाड़िया निवासी सीता सेंट्रल स्कूल के पास वार्ड क्रमांक 1 का कहना है कि मैंने 15 अक्टूबर को अपने मित्र को 16 हजार 801 रुपए का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया था जो फेल्ड हो गया । इसके लिए मैंने एचडीएफसी बैंक के कस्टमर केयर टोल फ्री नं 1800224066 पर फोन लगाया ।

हर भारतीय को स्वस्थ बनाने का वादा झंडु का

भोपाल। भारत में, एफएमसीजी क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी, इमामी लिमिटेड के स्वामित्व में, एक सदी पुराने आयुर्वेदिक ब्रैंड, झंडु ने इम्यून इंडिया ऑफर लॉन्च किया है, कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में, देश का साथ देने का प्रयास करते हुए, इस मुश्किल समय में, झंडु ने, हर भारतीय में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और व्यक्तिगत स्वच्छता की अच्छी आदत डालने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए, झंडु ने इम्यून इंडिया ऑफर नामक, एक अनोखा ऑफर लॉन्च किया है। इसके तहत झंडु च्यवनप्राश, उस स्पेशल प्राइस पर लॉन्च किया गया, जिस कीमत पर पहले कभी इसकी बिक्री नहीं हुई थी। इतना ही नहीं, अब झंडु च्यवनप्राश के हर पैक के साथ झंडु आयुर्वेदिक सैनेटाइज़र भी मुफ्त दिया जा रहा है।

एमवे इंडिया ने उद्यमिता की भावना को दिया बढ़ावा

भोपाल। महिलाओं को आगे लाकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध और देश में गिग इकोनॉमी इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में प्रमुख कदम के रूप में देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने हाल ही में नारी शक्ति परियोजना के लॉन्च की घोषणा की। अपनी 10-वर्षीय विकास दृष्टि के हिस्से के रूप में एमवे का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना जारी रखना है और उन्हें फिटनेस, स्वस्थ जीवन, पाक कला या सुंदरता संबंधी अपने जुनून को जीने के दौरान खुद का व्यवसाय संचालित करने का अवसर प्रदान करना है।

प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में 3 बार निर्धारित समय सीमा अनुसार कराना होगा प्रकाशन एवं प्रसारण

नव प्रदेश संवाददाता

शिवपुरी। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थी को अपने पूर्व के प्रचलित आपराधिक प्रकरण एवं दोष सिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा करनी होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस सम्बंध में निर्देश जारी किये गये हैं कि प्रत्येक अभ्यर्थी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये प्रारूप अनुसार उसमें दिये गये सभी विवरण को भरेगा। अभ्यर्थी स्वयं पर लंबित अपराधिक प्रकरण के संबंध में बड़े अक्षर में विवरण भरेगा। यदि अभ्यर्थी किसी राजनैतिक दल द्वारा टिकिट दिये जाने पर निर्वाचन लड़ रहा है, तो उसे स्वयं पर लंबित अपराधिक प्रकरण के संबंध में उस राजनैतिक दल को सूचना देना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि संबंधित राजनैतिक दल अभ्यर्थी द्वारा दिये गये स्वयं पर लंबित अपराधिक प्रकरण की जानकारी स्वयं की वेबसाईट में दिखाये जाने हेतु बाध्य होंगे। साथ ही, अभ्यर्थी एवं संबंधित राजनैतिक दल इस संबंध में एक घोषणा जारी करेंगे, जिसे उनके द्वारा समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित, प्रकाशित कराना होगा। प्रकाशन करने से तात्पर्य नाम-निर्देशन पत्र भरने के पश्चात् कम से कम तीन बार प्रकाशन स्थानीय तौर पर अधिक प्रसार संख्या वाले समाचार पत्रों में एवं टी.व्ही. चैनलों पर उनके द्वारा कराया जाना होगा। इसका प्रकाशन प्रचार अवधि समाप्त होने के पूर्व अर्थात मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व की समय सीमा के दौरान कराना होगा।

इस संबंध में आयोग द्वारा फार्मेट सी-1 में अपराधिक प्रकरणों की जानकारी की घोषणा होगी जिसे अभ्यर्थी द्वारा समाचार पत्र एवं टी.व्ही. चैनल में प्रकाशित करवाया जाएगा। फार्मेट सी-2 में अभ्यर्थी द्वारा राजनैतिक दल को स्वयं के अपराधिक प्रकरणों की जानकारी दिये जाने के संबंध में घोषणा की जाएगी, जिसका प्रकाशन राजनैतिक दल द्वारा स्वयं की वेबसाईट पर किया जाएगा। फार्मेट सी-3 में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा लिखित में संबंधित अभ्यर्थियों को, जिनके द्वारा अपने शपथ पत्र के फार्म 26 में अपराधिक प्रकरण के बारे में घोषणा की है, उन्हे लिखित में निर्देश दिया जाएगा कि अपराधिक प्रकरण के संबंध में समाचार पत्र एवं टी.व्ही. चैनल में इसका प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार किया जाये।

मंदिरों में बिना मास्क नहीं मिल रहा प्रवेश

शिवपुरी। कोरोना के बीच नवरात्रि की शुरूआत हो गई हैं लेकिन लोग अब भी जागरूकता के पाठ से महरूम हैं। ऐसा ही नजारा रविवार को शहर के राज राजेश्वरी मंदिर पर सामने आया, जहां सुबह के समय श्रृद्धालुओं की भीड़ में कई लोग बिना मास्क के ही मंदिर पहुंच गए। मंदिर के प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने बिना मास्क

पिछड़ा वर्ग महिला जिला कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार

नव प्रदेश संवाददाता

शिवपुरी। पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवपुरी कु.शिवानी राठौर ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हसीना बेगम, जिला उपाध्यक्ष सरोज झा शाहीन कुरेशी, जिला महामंत्री आरती कुशवाह, श्यामो राठौर, सफिया बेगम,रानी गुर्जर, जिला सचिव कु.सना खान,कु. रुबी धाकड़, नीतू लोधी, सौम्या राठौर, जिला सह सचिव पवन सेन, कु.अवस्था लोधी, कु.लक्ष्मी धाकड़, शपीना बानो, संगठन मंत्री इंदिरा आदिवासी,कु.अभिलाषा पाल, सायरा बानो, मीना रजक, जिला आईटी सेल प्रभारी सन्नो खान, ग्रामीण अध्यक्ष शशि राठौर ग्रामीण उपाध्यक्ष शबाना बानो को बनाया गया है। कु.शिवानी राठौर ने आशा जताई है कि पिछड़ा वर्ग की जागरूक महिलाएं कांग्रेस पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाकर लोकतंत्र की रक्षा करना चाहती हैं। इसलिए विभिन्न पदों पर साथी महिलाओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, जिससे कि वह संगठन को मजबूत कर सकें। शिवानी राठौर ने बताया कि इन सभी पिछड़ा वर्ग की महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी जी तथा कांग्रेस की विचारधारा से अपनी सहमति दर्शाई है तथा पूर्ण समर्पण भाव से कांग्रेस पार्टी के साथ कार्य करने के लिए सहमत हैं। कु. शिवानी राठौर द्वारा विभिन्न पदों पर नियुक्त किए गए नए पदाधिकारियों को पिछोर विधायक केपी सिंह (कक्काजू)एवं पं.श्रीप्रकाश शर्मा जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी, जिला प्रवक्ता विजय चौकसे एवं कार्यालय सचिव चंद्रकांत मामा सहित कॉग्रेस के वरिष्ट नेता गणेश गौतम, गणेशीलाल जैन, राजेन्द्र गर्ग, वासित अली, राजेश बिहारी पाठक, अजीत भदौरिया, सरबन धाकड़ सहित समस्त कांग्रेस परिवार ने शुभकामनाएं दी।

तेज रफ्तार ट्रेक्टर से टकराकर बाईक सवार की मौत

शिवपुरी। ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है । बताया गया है कि ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार सड़क पर गिर गया, तभी उसके ऊपर ट्रैक्टर का पहिए चढ़ जाने के कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के

अनुसार भीकम (22) पुत्र परमाल आदिवासी निवासी करौंदी भिलारी शनिवार रात 8.30 बजे घर लौट रहा था । माड़ा और गणेशखेड़ा गांव के बीच बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली और भीकम की बाइक में टक्कर हो गई । भीकम सड़क पर गिर गया और उसके शरीर पर से ट्रैक्टर का पहिए निकल जाने से उसकी मौत हो गई। किसान कोलारस मंडी में फसल बेचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने गांव इचौनिया जा रहा था।

फर्जी सर्वे नंबर बताकर करा दी शासकीय भूमि की रजिस्ट्री

नव प्रदेश संवाददाता

खनियांधाना। जिले के खनियांधाना तहसील के ग्राम पौठयाई मे शासकीय जमीन को भूमाफिया की नजर लगने का खामियाजा शासन को अपनी करोड़ों रुपये की बेशकीमती जमीन भूमाफिया के चंगुल मे गंवाकर चुकाना पड़ रहा है। खनियांधाना का ग्राम दुर्गापुर जो कि ग्राम पौठयाई की सीमा से लगा हुआ है। ग्ा्रम दुर्गापुर का सर्वे नं 744/1 जो कि दुर्गापुर और पौठयाई की वन विभाग की सीमा में है। सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की मिली भगत से इस सर्वे नंबर को ग्राम दुर्गापुर की जगह पौठयाई में 410/1 बनाया गया। इस विक्रय से वर्जित जमीन को नगर के भू माफिया को मुकेसर पत्नी स्व. पातीराम प्रजापति व प्रकाश पुत्र पातीराम के विक्रय पत्र के आधार पर रजिस्ट्री कराई गई है। जबकि जिस जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है, वह पौठयाई ग्राम की शासकीय भूमि है। जिस सर्वे नंबर को आधार बनाया गया है, वह जमीन दुर्गापुर की है। यह भूमि शासकीय पट्टे की है, जिसका विक्रय पत्र विक्रेता प्रकाश पुत्र पातीराम कुम्हार निवासी ग्राम भीमपुर तहसील नरवर कृषक ग्राम पौठयाई तहसील खनियांधाना के द्वारा गलत जमीन को कराया गया है। वर्तमान में भी इस सर्वे नंबर की जमीन तहसील के रिकॉर्ड में यह भूमि खतौनी मे विक्रय से वर्जित बताई जा रही है। इस शासकीय भूमि की रजिस्ट्री देवकी पत्नी शिशुपाल यादव, दीपक पुत्र रमेश परिहार, आशाराम पुत्र श्यामलाल स्मिता जैन पत्नी अभिषेक जैन, रामकिशोर पुत्र श्यामलाल परिहार, भारती पत्नी देवेंद्र कुमार के नाम से साल 2019 में की जा चुकी है। अधिकारी कहते हैं कि वह भूमि शासकीय है ही नहीं और भू स्वामी ने भूमि किसी को नहीं बेची। फिर जो रजिस्ट्री 11-05-2019 की उक्त क्रेताओं के नाम की आई है, वह कैसे हो गई। इस शासकीय भूमि की रजिस्ट्री होने के पहले ही इसकी शिकायत रामकुमार परिहार पुत्र हरप्रसाद परिहार

चोरी के शक में राजाराम के दोनों हाथ बांधकर कुएं में धकेल दिया गया

शिवपुरी। जिले के कोलारस अनुविभाग के इंदार थाना क्षेत्र में आने वाले गांव मंझारी मे पिछले 5 दिनो से गायब राजाराम की लाश एक कुंए में मिली । बताया जा रहा है कि चोरी के शक में राजाराम के दोनो हांथ बांधकर कुंए में धकेल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनो के बयान के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार राजाराम उर्फ डमरू (22) पुत्र नारायण आदिवासी निवासी मंझारी मंगलवार को अचानक गायब हो गया। परिजन पांच दिनों से राजाराम की तलाश कर रहे थे। रविवार की दोपहर 3 बजे राजाराम का शव कृष्णा के कुएं में पड़ा मिला । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव बाहर निकाला तो राजाराम के हाथ पीछे की तरफ रस्सी से बंधे हुए थे । परिजनों ने गांव के ही कप्तान सिंह यादव द्वारा हत्या किये जाने की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि कप्तान के दस हजार रुपए चोरी चले गए थे और रुपए चोरी जाने का शक वह राजाराम पर जता रहा था, इसलिए उसने राजाराम की हत्या कर दी है। पुलिस ने कप्तान सिंह यादव के खिलाफ हत्या का

विकास, वादे नहीं बल्कि आरोपों से जीता जाएगा चुनाव

नव प्रदेश संवाददाता

छतरपुर। पद पाने की लालसा में हम और आप सबके जनप्रतिनिधि कितना नीचे गिर सकते हैं और चुनाव में विकास, शिक्षा तथा बुनियादी सुविधाएं नहीं बल्कि एक दूसरे को गंदी गंदी गालियां देने, कोसने और एक दूसरे पर आरोप लगाने में तथा जनप्रतिनिधि तो दूर की बात उनके घर, रिश्तेदारों तक को नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसा ही कुछ नजारा बड़ामलहरा उपचुनाव में देखने को मिल रहा है। जिसमें चाचा, जीजा, मम्मा, माता पिता, बच्चों तक को नहीं छोड़ा जा रहा है। किसी का जीजा चोर है तो कहीं चाचा माफिया है किसी के माता पिता का पता नहीं तो कोई भू माफिया है, कोई रेत माफिया है तो कहीं किसी का नाम हनीट्रेप मे आ गया। अब हमारे जनप्रतिनिधयों को इतना ज्ञान नहीं है कि ये सब चुनाव के समय क्यों याद आया इसके पहले के ये सब दूध के धुले हुए और गंगा जल से डुबोकर बाहर निकाले गए थे या फिर एक दिन में सब माफिया, चोर, डकैत बन गए। सुस्त नेताओं के चलते जनता को हर बार एक चोर जनप्रतिनिध मिल जाता है जो सत्ता पाने के बाद जनता को लूटता है और अपना पूरा जोर अपनी तिजोरी भरने में लगा देता है। अब तो लोगों को यह यकीन होने लगा है कि चुनाव में जो जुबानी जंग छिड़ी है वह कहीं सच तो नहीं और जनता अपने घर वोट मांगने आए नेताओं को गुस्से भरी निगाहों से निहारने लगी है। कहीं कहीं तो जनता ये कहनी नजर आ रही है कि जब सब चोर हैं तो पार्टी ने इनको टिकट देकर गलती क्यों कर दी। इन दिनों बड़ामलहरा में वीडियो, बयानबाजी का दौर चल रहा है इस चुनाव में विकास और बुनियादी सुविधाएं गायब हैं जैसे रोजगार, शिक्षा गरीबी, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, सडक़। पूरे चुनावी माहौल को देखकर ऐसा लग रहा है कि दो चार प्रतिनिधियों को केवल एक दूसरे पर कीचड़ उछालने के लिए रखा गया है। जिससे जनता का ध्यान बुनियादी सुविधाओं पर न जाए और कोई भी इनसे विकास की बात न करें बल्कि इनके बयानों पर ध्यान दे। अभी हाल ही के कुछ बयानों में जनप्रतिनिधयों की भाषा और शब्द इतने गलत थे कि अगर चुनाव न होता तो शायद बात खून खराबे तक भी पहुंच सकती थी ये तो अच्छा है कि चुनाव है। वह बात अलग है कि चुनाव खत्म होते ही ये नेता एक दूसरे को जीत का पार्टी देंगे और एक ही थाली में खाना खाएंगे। बड़ा मलहरा विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर महासंग्राम का दौर चल रहा है कांग्रेश भाजपा और बहुजन समाज पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है लेकिन इस मुकाबले में भाजपा फिसड्डी साबित होने लगी है क्योंकि भाजपा में कार्यकर्ताओं को सम्मान न मिलने के कारण कार्यकर्ता से लेकर पदाधिकारी असंतुष्ट नजर आ रहे हैं। हाल ही में भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष द्रोपति कुशवाहा के ऊपर सोशल मीडिया पर चरित्र संबंधी उंगली उठाई गई इस मामले में द्रोपति कुशवाहा द्वारा सिटी कोतवाली सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन दिया जा चुका है और इस मामले से द्रोपति कुशवाहा द्वारा भाजपा के बड़े

मतदाताओं की पहचान के लिए 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज मान्य

छतरपुर-आगामी 3 नवम्बर को मलहरा उपचुनाव के मतदान के दौरान मतदाता ईपिक कार्ड के अतिरिक्त 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज के जरिए भी पहचान प्रमाणित कर मतदान कर सकेंगे।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज की सूची जारी की गई है। मतदाता आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, राज्य अथवा केन्द्र सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा कर्मचारी को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र और सांसद-विधायक को जारी सरकारी पहचान

भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने किया वरिष्ठ समाज सेवियों का सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

रायसेन। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सांची विधानसभा के तत्वावधान में रविवार को करीब दोपहर 12 बजे भगवान बाल्मीकि समाज मंदिर में वरिष्ठ समाजसेवीओं का शालश्रीफ ल देकर हारफूलों से सम्मानित किया गया। चेतन भार्गव ने भाजपा की रीति नीतियों विकास उपलब्जियों जन कल्याण कारी योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि भाजपा ही ऐसी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। मीडिया प्रभारी कृष्ण गोपाल पाठक ने भी विचार व्यक्त किए । इस अवसर पर वरिष्ठ पूर्व संघ प्रचारक चेतन भार्गव भाजपा अजा मोर्चा सांची विधानसभा प्रभारी बारेलाल लाल अहिरवार पूर्व विधायक कैलाश जाटव,पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल सूरमा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश पंथी पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा राकेश शर्मा ,सूरज बाल्मिकी भगवानदास लोहट एडवोकेट, विकास लोहट ,आदित्य चावला ,सचिन वर्मा ,कैलाश भारती, नीरज वर्मा सूरज बाल्मिकी, अभिषेक आर्य ,तुलसीदास जीजोतिया, आकाश मालवीय ,मुन्ना लाल बाबूलाल सुरेश सांवरिया भगवानदास लोहट विकास लोहट ,संजय चावला, कुंजी लाल अहिरवार इत्यादि बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि सांची विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ श्री प्रभुराम चौधरी को 3 नवंबर को होने

खनिज ठेकेदार द्वारा कम रायल्टी देने के विरोध में डंफर मालिकों ने कलेक्टर से की शिकायत

बाड़ी। जिले की रेत खदानों के समूह का संचालन करने वाले रेत ठेकेदार द्वारा पूरी राशि लेने के बाद भी रेत परिवहन करने वाले वाहन मालिकों को कम रायल्टी देने के कारण पुलिस, खनिज एवम् राजस्व विभाग द्वारा रेत परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ अवैध रेत परिवहन का प्रकरण दर्ज कर जुर्माना लगाया जाता है जिसकी हकीकत यह है की रेत ठेकेदार द्वारा ही पूरी राशि लेने के बाद कम रायल्टी दिए जाने की वजह से वाहन मालिक आए दिन परेशान होते रहते है । रायल्टी 15 घन मीटर की ओर परिवहन 20 घन मीटर रायसेन जिले की रेत खदान ठेकेदार राजेन्द्र रघुवंशी द्वारा 15 घन मीटर की रायल्टी जारी की जाती है ।

शक्ति की भक्ति में डूबा नगर, शाम के समय होता है महाआरती का आयोजन

खुरई। भक्ति और शक्ति के पर्व मॉ भगवती के दर्षनों के लिए शाम 5 बजे दर्षनार्थीयों का मंदिरो में आना जाना प्रारंभ हो जाता है। जो देर रात्रि तक चलता रहता है। षाम के समय दुर्गा मंदिरों में दर्षनों एवं दिया रखने के लिए महिला श्रद्धालुओं के साथ बालिकाएं संख्या हजारों की संख्या में मंदिरों में पहॅुचती है और शाम को ऐसा लगता है मानो आस्था का सैलाव उमड़ रहा है। वहीं नगर के महाकाली मंदिर, मॉ बगुलामुखी मंदिर पर ,महाआरती में भारी संख्या में श्रद्धालु पहॅुच रहे है जो एक विषाल मेला के रूप में दिखाई पड़ता है। नगर में पुलिस प्रषासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी अनूप सिह ठाकुर सार्वजनिक स्थलों, मंदिरो का जायजा ले रहे है। ड्यूटी पर लगे अधिकारी कर्मचारी को संदिग्ध व्यक्तियों पर नजन रखने एवं आवष्यक कार्यवाही के लिए हिदायत दी गई। टीआई द्वारा नगर में मोटरसाईकिल से नगर भ्रमण भी किया जा रहा है, मुख्य मार्गो में अव्यवस्थित करने के साथ ही लोगो को समझाइस देकर मास्क एंव सोषल डिस्टेंस का पालन करने को कहा। भक्त जा रहे मैहर ,जलंधर व रानगिर - मॉ भगवती अलग-अलग खण्डपीठो में जगह-जगह विराजमान है जैसे मैहर में मॉ शारदा जलंधर में मॉ ज्वाला व रानगिर में मॉ हरसिध्दी विराजमान है।

कोरोना काल में उत्कृष्ट सेवाएं देने तथा कोरोना से बचाव को लेकर उप पंजीयक अहिरवार को मिला उत्कृष्ट प्रमाण पत्र

पन्ना। कोरोना महामारी के चलते सरकार द्वारा आम लोगो तथा सरकारी अधिकारीयों को कोरोना बचाव एवं उसके रोकथाम के लिए लगातार प्रभावी आवश्यक उपाये के पालन के सबंध मे दिशा निर्देश जारी किये गये थें जिसके संबंध मे अनेक अधिकारीयों द्वारा शासन के नियमो का भलिभाति पालन किया गया जिसमे स्वंय तथा दूसरो को जागरूक करते हुए उत्क्रष्ट कार्य किये गये इस संबंध मे भारत सरकार द्वारा उत्क्रष्ट कार्य करने वालो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इसी कडी मे पन्ना उप पंजीयक कार्यालय मे पदस्थ उप पंजीयक आर पी अहिरवार को उत्क्रष्टता प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया है।

ब्लॉग कांग्रेस कमेटी ने किसान विरोधी कानून का किया विरोध

मण्डला। जिले के विकास खण्ड घुघरी के खौडाखुदरा ग्राम मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुघरी द्वारा केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा संसद मे बनाए गए किसान विरोधी कानून के विरोध मे हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम मे हस्ताक्षर कर विरोध जताया एवं गांव- गांव जाकर किसानों को किसान विरोधी नीतियों से अवगत कराते हुए किसानों के हस्ताक्षर कराकर संकल्प दिलाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंद कुशराम, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा, नगर अध्यक्ष अरविंद झारिया, घुघरी मंडलम के अध्यक्ष नेतराम साहू, राजेश खैरवार, बसंत कोठी, सुरेश पड़वार, फूलसिंह मरावी, केशु धुर्वे, राम प्रसाद मलगाम एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नहीं थमेंगी विकास की रफ्तार, फिर एक बार मजबूत शिवराज सरकारः मंत्री कावरे

नव प्रदेश संवाददाता

बालाघाट। प्रदेश में गत माह होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां उफान पर है। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने विजय पताका हराने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। इसी कडी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को विधानसभा वार जिम्मेवारी सौंपी गई है। आशय की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर ने बताया कि कवायद में कल अंबाह विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय और प्रदेश के आयुष व जल संसाधन मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने धुंआधार चुनाव प्रचार करते हुए एक सभा को संबोधित किया। यहां अपने जन संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने कहा कि यह चुनाव कांग्रेस के निरंकुश 15 माह के जनविरोधी कार्यो को मुंहतोड़ जवाब देते हुए शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति का कल्याण करने वाली सरकार को मजबूती प्रदान करने वाला है। उम्मीद आप इसे अवश्य पूरा करेंगे। वहीं मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि नहीं थमेंगी विकास की रफ्तार, फिर एक बार मजबूत शिवराज सरकार। इसे अमलीजामा पहनाने के लिए भाजपा के लोकप्रिय उम्मीदवार कैलाश जाटव को भारी मतों से जीताकर प्रदेश को विकास की राह पर अग्रसर करने की अपील जनता जनार्दन से की। फलीभूत सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास प्रदेश में भाजपा की सरकार में आरूढ़ रह सके। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे।

जगत जननी मां जगदम्बा का हुआ आगमन

सिवनी । जिले के घंसौर में मां दुर्गा की आराधना का पर्व है नवरात्र। मां के नौ रूपों की भक्ति से हर मनोकामना पूरी होती है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से माता दुर्गा नौ दिनों के लिए मां दुर्गा अपने भक्तों के दुख दूर करने पृथ्वी लोक में आती हैं, इन दिनों में यदि विधि विधान से माता की आराधना की जाए, तो वह प्रसन्न होंगी और सभी मनोकामनाएं पूरी करेंगी। शारदीय नवरात्र में नौ दिनों में मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्रि स्वरूप का दर्शन-पूजन किया जाता है। नौ शक्तियों के मिलन को नवरात्र कहते हैं। नवरात्र में सभी गांवों कस्बों में दुर्गा जी काली जी की स्थापना होती है लोग अपनी आध्यात्मिक और मानसिक शक्तियों में वृद्धि के लिए उपवास, संयम, नियम, भजन,पूजन और योग साधना करते

चमत्कारिक सिद्ध तांत्रिक शक्ति पीठ माँ ज्वालादेवी है अद्भुत

नव प्रदेश संवाददाता

खुरई। भारत देश के अनेक सिद्ध शक्ति पीठों में से एक अदभुत सिद्ध तांत्रिक शक्ति पीठ ज्वालादेवी जी का मंदिर खुरई से 29 किमी दूर ग्राम जलंधर में स्थित है। शक्ति पीठ पर अति प्राचीन देवी जी की प्रतिमा की कृति एवं भव्यता आश्चर्य चकित करती है। लगभग साढ़े तीन फीट ऊंची मां देवी ज्वाला देवी जी की मूर्ति पद्मासन मुद्रा में दो शेरों पर सवार हैं। मां के पीछे चक्र है, तथा शरीर के तीनो ओर विभिन्न् मुद्राओं में नौ देवियों के चित्र अंकित हैं। दूर से स्पष्ट ज्ञात होता है कि यह एक सिद्ध तांत्रिक शक्ति पीठ है। मूर्ति के बांयी ओर श्री गनेश जी की विलक्षण प्रतिमाएं हैं, जिनमें गनेश जी की दाहिनी जांघ पर रिद्धी-सिद्धी सुशोभित हैं। बाजू में ज्वाला देवी जी की नवीन मूति प्राण प्रतिष्ठा वर्ष 1987 में कराकर स्थापित की गई है। मंदिर के पास ही नीचे हनुमान जी का मंदिर है, उसमें नीचे काल भैरव की विलक्षण एवं भव्य प्रतिमा स्थापित है। यह शक्ति पीठ विलक्षण आर्श्चयजनक चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध है। जनश्रुति के अनुसार यहां पहले एक गांव बसा था, जिसमें सात सौ शंखो का नाद होता था। वैसे फूटे हुए मिट्टी के बर्तन शंख के टुकड़े यत्र तत्र पड़े मिल जाते हैं। बाद में यह जंगल के रूप में परिवर्तित हो गया। एक किमी की दूरी पर छत्रसाल महाराज की अटारी अवशेष रूप में है। जनश्रुति के अनुसार महाराज छत्रसाल प्रत्येक नवरात्रि में यहां आकर मां की उपासना करते थे। इसी क्षेत्र में मजीरा बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्थान है। यहां पर पत्थरों को आपस में ठोकने से मंजीरों जैसी मधुर आवाज निकलती है। यहां पर चमत्कारी स्थल सोठ वाला कुण्ड तलैया है। वहां पर एक पत्थर की शिला पड़ी थी, समझा जाता है कि महाराजा छत्रसाल इस शिला पर स्नान करने आते थे। पत्थर की विशेषता है कि बिना साबुन के कपड़े धोने पर साफ हो जाते हैं। मात्र अवशेष मिलते है। सर्वे से बहुत सी जानकारी हासिल कर प्राचीन इतिहास को ज्ञात किया जा सकता है। क्षेत्र के व्योवृद्ध बताते हैं कि यहां पर प्रतिवर्ष यज्ञादि कार्य, प्रवचन, रामलीला जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। पौराणिक दृष्टि से जिस समय दक्ष प्रजापति के यज्ञ में सती ने अपने शरीर की आहूति दी थी उस समय भगवान श्री शिवशंकर ने अधजले शरीर को लेकर मंत्र-तंत्र भ्रमण किया था।

सब्जी मंडी न खुलने से सब्जी व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

पन्ना। लगातार सात माह से कोरोना महामारी के चलते आम गरीब व्यापारी परेशान है अब जब सभी संस्थान खुल चुके है तो छोटे सब्जी, फल, गल्ला, व्यापारी सात्पाहिक बजार लगाने के लिए परेशान हो रहे है तथा गत दिवस फल एवं सब्जी मंडी का शुभांरभ भी खनिज मंत्री द्वारा कर दिया गया है उसके बावजूद साप्ताहिक बाजार प्रारंभ न कराये जाने को लेकर सभी व्यापारीयों ने हंगामा कर दिया तथा साप्ताहिक बाजार लगाये जाने की मांग की है। व्यापारीयों ने खनिज मंत्री से इस संबंध मे मुलाकात की तथा साप्ताहिक बाजार प्रारंभ कराने का अनुरोध किया है। मंत्री जी द्वारा जल्द ही बाजार प्रारंभ कराने तथा समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया है अब आगे देखना है जिला प्रशासन द्वारा फल सब्जी मंडी तथा

भाजपाइयों ने फूंका पूर्व मुयमंत्री कमलनाथ का पुतला

नव प्रदेश संवाददाता

माचलपुर। नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का पुतला दहन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा एक आमसभा में पूर्व मंत्री इमरती देवी को आइटम कह कर संबोधित किया था जिसके कारण भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। भाजपा कार्यकर्ताओ ने बस स्टैंड पर एकत्रित हो कर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के खिलाफ जमकर नारेबाजी करके कमलनाथ का पुतला जलाकर आग के हवाले कर दिया। पुलिस विभाग द्वारा सतर्कता बरतते हुवे पुतले पर पानी डालकर बुझाया गया। भाजपा जिला महामंत्री ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के नेता महिलाओं का सम्मान नही करते हैं नारीशक्ति का अपमान भाजपा सहन नही करेगी उन्होंने कहा कि यह बयान कांग्रेस की ओछी राजनीति को दर्शाता है। भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामगोपाल खंडेलवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का यह कृत्य निदनीय है हम इसका खुलकर विरोध करेंगे उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान में भाजपा पूरे प्रदेश में धरना दे रही है। इस अवसर पर ज्ञानसिंह गुर्जर, हनुमान पाटीदार, रामगोपाल खंडेलवाल, रमेश बंसल, अनिल मोदी, राकेश मारू, संजय शर्मा, कालू गुर्जर, धीरपसिंह चौहान, श्रीलाल पवाँर, जमुनालाल पाटीदार, मांगीलाल लववंशी, राम दाँगी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लांजी क्षेत्र के लोधी समाज के दर्जनों होनहार विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

बालाघाट। अखिल भारतीय लोधी लोधा अधिकारी कर्मचारी संघ आलोक के द्वारा इस वर्ष भी बालाघाट मुख्यालय के लांजी क्षेत्र में 18 अक्टूबर को समारोहपूर्वक समाज के 85 प्रतिषत से अधिक अंक अर्जित करने वाले दर्जनों छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। यहां प्रमुख रूप से उपस्थित आईआरएस जीएसटी एडिशनल कमिश्नर भोपाल लोकेश लिल्हारे और अन्य वक्ताओं के द्वारा छात्र-छात्राओं में कामयाब होने के गुर सिखाते हुये उनके सवालो के जवाब भी दिये। यहां कार्यक्रम में सफलता सीखने के बाद छात्र गद गद दिखाई दिये। प्रतिवषानुर्सार इस वर्ष भी लांजी एवं किरनापुर में लोधी समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिये कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बालाघाट जिले के लांजी एवं किरनापुर समेत अन्य ब्लॉक से होनहार छात्र और उनके अभिभावक प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित रहे, यहां बाकायदा कोरोना संक्रमण काल के चलते सोशल डिस्टेंसिंग सेनेटाईजर का प्रयोग और मास्क का उपयोग अन्य इतंजाम कर ऐतिहात भी बरते गये। कार्यक्रम में जहां प्रमुख रूप से मौजूद एडिशनल कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ने कहा कि हम सभी सामान्य और गरीब परिवार से रहे है लेकिन पढने की ललक और अपने लक्ष्य को सही समय पर पहचान कर उस ओर

दो लोगों को दिलवाई दुर्घटना बीमा की राशि

भारतीय मजदूर संघ द्वारा चलाया जा रहा जन जाग्रति अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

पन्ना। भारतीय मजदूर संघ द्वारा आम लोगो के हित मे शासन द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ दिलाने का अभीयान चलाया गया है क्योकी शासन द्वारा गरीबो तथा आम लोगो के लिए बहुत सारी योजनाए संचालित की जा रही है लेकिन जानकारी के आभाव मे उक्त योजनाओं का लाभ आम गरीबों को नही मिल पाता है तथा अनेक लोग योजनाओं की जानकारी होने के बावजूद योजनाओं का लाभ नही उठा पाते जिसके संबंध मे भारतीय मजदूर संघ द्वारा जन जागरूकता अभीयान चला कर लोगो से आग्रह किया गया है की आम लोगो को मिलने वाली योजनाओं के संबंध मे हमारे संगठन द्वारा हर संभव मदद की जायेगी। इसी कडी मे भारतयी मजदूर संघ ने विगत वर्षो पूर्व मोदी सरकार द्वारा आम गरीबों के लिए बीमा संबंधित दो योजनाए प्रारंभ की गं थी जिसमे बैंको मे प्रत्येक खाताधारी का बीमा कराया जाता है और उसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना दुर्घटना होने पर दिया जाता है तथा 12 रूपये उसका प्रत्येक वर्ष प्रीमियम खाता से काटा जाता है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना जिसमे 330 रूपये वार्षिक प्रीमियम बैंक द्वारा काटा जाता है लेकिन उक्त योजनाओं का लाभ आम लोगो को जानकारी न होने के कारण नही मिल पाता है। इस संबंध मे विशेष अभियान संगठन द्वारा चलाया जा रहा है तथा दुर्घटनाग्रस्त दो लोगो को संगठन द्वारा विशेष प्रयास करके दो-दो लाख रूपये की राशि बैंको के माध्यम से दिलाई गई है। उदाहरण के तौर पर गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत धरवारा के सचिव गोविन्द चौरसिया तथा भारतीय मजदूर संघ के प्रयास से म्रतक की पत्नि सीता बाई लोधी को दो लाख रूपये बीमा की राशि दिलाई गई। ज्ञात हो की रामसंजीवन लोधी पिता चिन्ताई लोधी की मृत्यु खेत मे सिचाई करते हुए करेन्ट लगने से वर्ष 2015 मे हो गई थी इसी प्रकार हरपाल लोधी पिता नवला लोधी की मृत्यु सडक दुर्घटना मे दिनांक 26 अगस्त 2020 को हुई थी उसकी भी बीमा दुर्घटना क्लेम की राशि स्वीकृत हो चुकी है जो उसकी पत्नि पूजा लोधी को प्राप्त होगी। ज्ञात हो की आम सभी लोागो जिनके बैंको मे खाता है उक्त खाता धारीयों के प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 12 रूपये की राशि काटली जाती है तथा पॉलसी नम्बर भी जारी हो जाता है लेकिन जानकारी के आभाव मे उसको बीमा दुर्घटना का लाभ नही मिल पाता है। संगठन के द्वारा जानकारी देते हुए बताया की दुर्घटना होने पर संबंधित का मृत्यु प्रमाण पत्र, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट तथा पुलिस एफआईआर की कापी आदि दस्तावेज सम्मिट करने पडते है।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का किया पुतला दहन

नव प्रदेश संवाददाता

जीरापुर । म.प्र. की कैबिनेट मंत्री व डबरा से भाजपा प्रत्याशी इमरती देवी पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा की गई अभद्र बयानबाजी के खिलाफ,महिलाओं के सम्मान में भाजपा मंडल जीरापुर द्वारा पुतला दहन कर कमलनाथ मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्रा मुंदड़ा,बलराम टांक, रामेश्वर टांक, मंडल अध्यक्ष विष्णुसिंघ पंवार,गिरिराज जुलानिया, शिव मण्डलोई,राजेंद्र बंसल,श्याम मुंदड़ा, सुनील हिंडोनिया, गजराजसिंह सोनगरा,श्रीराम दांगी,प्रमोद दुबे,श्याम टेलर एवं मिडिया प्रभारी राकेश भानपुरा सहित कई भाजपाई मौजूद रहे।

पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकते मिले युवक-युवती के शव

नव प्रदेश संवाददाता

पन्ना। जिले के गुनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिली हार में एक पेड़ पर एक साथ 02 लाशें लटकी होने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर दोनों शव का पंचनामा व पहचान करवाई जिसमें युवक की पहचान गुनौर थाना अंतर्गत ग्राम राजापुर निवासी करण सिंह यादव और लड़की की पहचान राजापुर निवासी ज्योति मिश्रा के रूप में हुई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों 10 अक्टूबर से अपने-अपने घरों से लापता थे जिस पर गुनौर थाना में मामला दर्ज किया गया था, पुलिस द्वारा दोनों की तलास की जा रही थी जिसकी 16 अक्टूबर को सिली हार के खेतों में पेड़ पर लटकती लाश मिली है। दोनों शवों का पोस्ट मार्टम करवा कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। गुनौर थाना प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था पर अलग-अलग जाति के होने की वजह से दोनों के परिवार इनके प्रेम को स्वीकारने को तैयार नहीं थे और इसी के चलते लड़की के परिजनों द्वारा कोरोना लॉकडाउन के दौरान नाबालिग उम्र में ही विवाह उसकी मर्जी के खिलाफ कर दिया गया था, लड़की के परिजन विवाह के बाद सामान्य महसूस कर रहे थे, पर लड़की विवाह के बाद भी अपने प्रेमी को भुलाने और

चन्दौरा चौकी प्रभारी ने अवैध कच्ची शराब बनाने वाले को किया गिरफ्तार



पन्ना। चन्दौरा चौकी क्षेत्र मे अवैध शराब बनाने वालो तथा विक्रय करने वालो के खिलाफ चौकी प्रभारी सुशील शुक्ला द्वारा लगातार अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है इसी कडी मे खरौनी पुरवा निवासी कैलाश लोध द्वारा कच्ची शराब बनाकर बेची जा रही थी जिसे चौकी प्रभारी ने अपने स्टाफ को लेकर छापामार कार्यवाही की तथा तीस लीटर महुआ की कच्ची शराब जप्त की तथा शराब बनाने वाले बर्तन भी जप्त किये है।

न्यूज गैलरी

तेज रफ्तार बाईक खड़ी ट्रेक्टर से टकराई, एक की मौत

रायपुर। तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक सड़क किनारे खड़ी ट्रेक्टर से टकरा जाने से पीछे बैठे एक लड़के की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। रावाभाठा खमतराई रायपुर निवासी ओमप्रकाश साहु 31 वर्ष पिता मुन्नालाल साहु ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी वार्ड क्रमांक 12 का पार्षद है। 17 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे वार्ड में रहने वाले सागर यादव अपने साथी मेघराज ध्रुव व एकलव्य जांगडे के साथ तीन सवारी तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 6542 में बैठकर उरला की ओर जाते समय मेटरपार्क के पास महाकलेश्वर मंदिर के आगे सड़क किनारे ट्रैक्टर से टकरा गये। जिसके चलते पीछे बैठे मेघराज ध्रुव आयु 17 वर्ष पिता इंद्रपाल ध्रुव के सिर में गंभीर चोट आने की वजह से तत्काल 108 वाहन के माध्यम से मेकाहारा रायपुर ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चाकू के साथ दो पकड़ाये

रायपुर। खमतराई थाना पुलिस ने रविवार शाम को चाकू लेकर घूम रहे दो युवको को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विजय विश्वकर्मा पिता अरूण 22 वर्ष और राजेन्द्र बघेल पिता मुक्कड़ 18 वर्ष शामिल है। पुलिस ने विजय को पाटीदार भवन खमतराई के पास पकड़ा, वहीं राजेन्द्र को बसंत विहार चौक गोंदवारा के पास पकड़ा। दोनों के पास से चाकू बरामद किया गया।

शादी का प्रलोभन देकर किया दुष्कर्म

रायपुर। शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट गोलबाजार व दीनदयाल थाने में दर्ज की गई है। नवागढ़ जिला बेमेतरा निवासी पीड़िता 23 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि फेसबुक के माध्य से पकज कुमार साहु पिता रजनीश कुमार साहु से परिचय होने के बाद उससे लगातार बातचीत के दौरान दोस्ती हाने पर शादी का प्रलोभन देकर आरोपी ने 10 फरवरी 2019 से 20 जनवरी 2020 के मध्य गोलबाजार मालवीय रोड स्थित एक होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाते रहा व बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। इसी तरह रायपुरा डीडीनगर में निवाासी पीड़िता 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि पीड़िता को छत्रपाल कामड़े ने शादी का प्रलोभन देकर 12 जून 2018 से 9 अक्टूबर 2020 के मध्य शादी का प्रलोभन देकर अपने घर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाते रहा व शादी की बात करने पर शादी से इंकार कर दिया।

घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने

बालको को मिला 'बेस्ट ब्रांड्स 2020' का खिताब

रायपुर/बालकोनगर। विश्वस्तरीय प्रबंधन, उच्च गुणवत्ता के एल्यूमिनियम उत्पादन, ग्राहक संतुष्टि, नवाचार, सामुदायिक विकास आदि के लिए बालको ने 'बेस्ट ब्रांड्स 2020' का खिताब जीता। इकोनॉमिक टाइम्स की ओर से आयोजित वर्चुअल पुरस्कार समारोह में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने भागीदारी की। चुनौतीपूर्ण व्यावसायिक माहौल में उद्योग के बेहतरीन प्रचालन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप उत्पादन के विभिन्न मानदंडों पर खरा उतरने के लिए यह सम्मान बालको को दिया गया।

श्री पति ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने सम्मान का श्रेय बालको के स्टेकहोल्डरों को दिया। श्री पति ने कहा कि एल्यूमिनियम भविष्य की धातु है जिसका उपयोग विभिन्न उद्योगों में किया जाता है। बालको में वेदांता लिमिटेड की अंशधारिता 51 फीसदी है। 49 प्रतिशत अंशधारिता भारत सरकार की है। प्रति वर्ष 5 लाख 70 हजार टन गर्म धातु का उत्पादन अत्याधुनिक स्मेल्टरों में

किया जाता है। श्री पति ने कहा कि कोरबा की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में बालको का योगदान महत्वपूर्ण है। बालको से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रुप से जुड़े देश भर के नागरिक उद्योग के जरिए राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे रह हैं। स्थानीय स्तर पर ही 5000 से अधिक व्यवसाय बालको की प्रगति से जुड़े हैं। साढ़े पांच दशकों में बालको की भागीदारी से लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं।

श्री पति ने कहा कि एल्यूमिनियम उत्पादन, नवाचार एवं प्रबंधन के क्षेत्र में बालको ने वैश्विक स्तर पर अपनी साख बनाई है।

प्रचालन क्षेत्र से लगे गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत संरचना विकास की परियोजनाओं से जरूरतमंदों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिल रही है। विकास की अनेक परियोजनाओं ने डेढ़ लाख से अधिक नागरिकों के जीवन को छूआ है। वैश्विक महामारी कोरोना के चुनौतीपूर्ण समय में बालको ने जिला प्रशासन और स्थानीय जन प्रतिनिधियों के समन्वयन में जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई। औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को प्रोत्साहित किया गया है। लगभग 41 लाख पौधे विभिन्न प्रचालन क्षेत्रों में रोपे गए। 'शून्य क्षति, शून्य अपशिष्ट, शून्य उत्सर्जन' नीति के अनुरुप व्यवसाय के उच्च मानदंडों का पालन करते हुए बालको राष्ट्र निर्माण में सतत योगदान के लिए कटिबद्ध है।

शारदीय नवरात्र पर मंदिरों में सोशल डिस्टेंसिंग का हो रहा पालन

रायपुर। कोरोना वायरस कोविड के कारण इस वर्ष शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में बाहर से ही दर्शनार्थियों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ माता के दर्शन मंदिर समितियों के पदाधिकारियों द्वारा करवाये जा रहे है।

रायपुर में दंतेश्वरी मैया, महामाया मैया, शीतला मैया, धूमावती मैया पुरानी बस्ती, आमापारा, आकाशवाणी, महादेवघाट सहित शहर के सभी माता देवालयों में बेरिकेट लगाकर बाहर से ही श्रद्धालुओं को सोशल डिस्टेसिंग के साथ माता के दर्शन करवाए जा रहे हैं। वहीं शहर में बहुत कम स्थानों में इस वर्ष माता विराजमान हुई हैं। आश्रम, डंगनिया, अश्विनी नगर, लोहार चौक, रामसागर पारा, सदर बाजार सहित शहर के पुराने मोहल्लों में गिनती की झांकी लगी है। जिसे देखने के लिए भक्तों का वैसा

जमावड़ा इस वर्ष नहीं देखा जा रहा है। जैसा हमेशा शारदीय नवरात्र के समय देखा जाता है। मंदिरों में भंडारा एवं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जिला प्रशासन के आदेश पर इस वर्ष कन्याभोज जगराता आदि का आयोजन अष्टमी नवमीं हवन के दिन नहीं होगा। खम्हारडीह के पंडित रमाकांत तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के सभी नए पुराने मंदिरों में मंदिर के पुजारियों द्वारा ही अष्टमी नवमीं हवन का आयोजन किया जाएगा।

रावणभाटा दशहरा मैदान में नहीं होगा रामलीला और रावण दहन कार्यक्रम

रायपुर। कोरोना काल में भी प्रति वर्षानुसार इस बार राजधानी रायपुर के मठपारा स्थित ऐतिहासिक दूधाधारी मठ से बालाजी की पालकी निकाली जाएगी, हालांकि इस बार पालकी सादगी से निकाली जाएगी, जिसमें मंदिर समिति के सीमित लोग ही शामिल होंगे। दूधाधारी मंदिर के पूजारी ने बताया कि विजयादशमी के दिन इस बार भी बालाजी की पालकी निकाली जाएगी। लेकिन कोरोना महामारी के कारण इस बार पालकी सादगी से निकाली जाएगी, जिसमें बहुत कम संख्या में सिर्फ मंदिर के लोग ही शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कोरोना के कारण इस बार दशहरा मैदान रावणभाटा में रामलीला व रावण दहन का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। इस कारण इस बार दशहरा कार्यक्रम सादगी पूर्ण ढंग से मनाया जाएगा।

रमन और कौशिक को देखकर तो गिरगिट भी रंग बदलना भूल जाए : शिशुपाल सोरी

भाजपा नेता बताएं कि वे जोगी परिवार को आदिवासी मानते हैं या नहीं

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। जोगी की जाति के फ़ैसले पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के बयानों पर संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक शिशुपाल सोरी ने कहा है कि इन नेताओं के पुराने बयान और नए बयान को सामने रख दिया जाए तो गिरगिट भी रंग बदलना भूल जाएगा। संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक शिशुपाल सोरी ने कहा है कि ने कहा है कि जो लोग जाति को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ रहे थे वही बाद में जाति को लेकर राजनीतिक लेन-देन का धंधा करने लगे और अब वही लोग जाति प्रमाण पत्र रद्द होने पर आंसू बहा रहे हैं। मरवाही विधानसभा उपचुनाव में चुनाव अधिकारी के

फ़ैसले पर श्री सोरी ने पूछा है कि डॉ रमन सिंह और धरमलाल कौशिक सिर्फ़ यह बता दें कि वे जोगी परिवार को आदिवासी मानते हैं या नहीं. अगर मानते हैं तो 2003 में जोगी की जाति को चुनावी मुद्दा बनाने के लिए माफ़ी मांगें और अगर नहीं मानते तो यह बताएं कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद उनकी सरकार ने इस मामले में स्पष्ट फ़ैसला क्यों नहीं किया? श्री सोरी ने पूछा है कि क्यों ऐसा लग रहा है कि जोगी की जाति को लेकर भाजपा के भीतर ही घमासान मचा हुआ है और वे एकमत नहीं हो पा रहे हैं। एक ओर रमन सिंह और धरम लाल कौशिक हैं तो दूसरी ओर अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद में रहे नंदकुमार साय, पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर, संतराम नेताम और समीरा पैकरा जैसे भाजपा के आदिवासी नेता हैं। भाजपा के इन आदिवासी नेताओं ने हमेशा जोगी के बारे में कहा कि वे आदिवासी नहीं हैं और कभी अपना स्टैंड नहीं बदला जबकि रमन सिंह और धरम लाल कौशिक लगातार रंग बदल रहे हैं। श्री सोरी ने कहा है कि रमन सिंह ने मुख्यमंत्री रहते किस तरह स्वर्गीय अजीत जोगी को ब्लैकमेल किया और लेनदेन की राजनीति की यह सबको पता है. उन्होंने कहा है कि हर विधानसभा चुनाव के पहले छानबीन समिति का फैसला आने की सुगबुगाहट उठती थी और सर्व अज्ञात कारणों से छानबीन समिति की रिपोर्ट को दफ्न कर दिया जाता था।

टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड के फाइनलिस्ट की सूची जारी

ऑनलाइन वोटिंग से चुने जाएंगे सर्वश्रेष्ठ 21 शिक्षक

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन व आई ड्रीम लर्निंग ऐप के सहयोग से वर्ष 2020 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड के फाइनलिस्ट की सूची जारी कर दी गई है। लगभग 200 के आसपास चुने गए इन फाइनलिस्ट मे से ऑनलाइन वोटिंग के आधार पर सर्वाधिक वोट मिलने वाले देश के 21 शिक्षकों को टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा जाएगा। इसमें

रायपुर जिले से , पी जी उमाठे पूर्व माध्यमिक कन्या शाला शांतिनगर, से श्रीमती रीता मंडल, फाइनलिस्ट के रूप में चयनित हुए है। इस अवॉर्ड के लिए वोटिंग 20 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 5 नवंबर तक चलेगी। विजेता को ट्राफी, प्रशस्ति पत्र व फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन की 51 हजार रुपए की मेंबरशिप पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। इस पुरस्कार का आयोजन फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन व आई ड्रीम लर्निंग ऐप कर रहे हैं। साथ ही करनाल हरियाणा से पुकार वक्त की की, छत्तीसगढ़ से सनराइज फाउंडेशन व औरंगाबाद महाराष्ट्र से उर्मि फाउंडेशन मोरल सपोर्ट मे हैं। टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड के विजेता चुनने के लिए फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन डॉट ऑनलाइन पर जाकर वोट कर सकते हैं।

गैंग रेप में शामिल अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाने ने रिपोर्ट दर्ज करने से किया इंकार : राम गोपाल

द्व महिला पुलिसकर्मी और एसपी ने मुख्य आरोपी के अलावा अन्य पर कार्यवाही करने से किया इंकार

रायपुर। अनाचार की घटनाएं आए दिन प्रदेश में बड़ी संख्या में घट रही हैं। युवतियों के साथ ही महिलाएं भी आए दिन गैंग रेप का शिकार हो रही हैं। इसी कड़ी में कवर्धा के सहसपुर-लोहारा अंतर्गत ग्राम भाटकुंडेरा निवासी महिला पति भारत कौशिक पिता राम गोपाल प्रसाद के साथ 7 अप्रेल 2020 को दोपहर 3:00 बजे गांव के पास स्थित बांध के निकट गोबर बिनने गई थी तभी मुख्य आरोपी रतन कौशिक पति रतिराम कौशिक एवं उसके तीन अज्ञात साथियों ने पीड़िता के साथ बुरी तरह मारपीट करते हुए उसके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद घायल अवस्था में रोती हुई पीड़िता ने अपने घर पहुंचकर परिजनों को उसके साथ हुए अनाचार की जानकारी दी।

घटना के कुछ दिनों बाद पीड़िता की अनाचार के कारण तबियत खराब होने की वजह से मृत्यु हो गई। पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त मामले में मुख्य आरोपी केवल रतन कौशिक के नाम पर ही रिपोर्ट लिखी गई है। वह भी जबरिया अपने मन से लिखी गई है। उक्त घटना के संबंध में जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेलन राम यादव एवं पीड़ित मृतिका के पिता राम गोपाल ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। पत्रकारवार्ता में मृतिका के पिता राम गोपाल ने थाना सहसपुर-लोहारा में पदस्थ महिला पुलिसकर्मी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने केवल रतन कौशिक के संबंध में रिपोर्ट लिखने की बात की कही। जबकि अज्ञात आरोपियें के खिलाफ मामला दर्ज करने से इंकार कर दिया। उक्त मामले को लेकर पीड़िता के परिजनों को पुलिस अधीक्षक कबीरधाम को लिखित में ज्ञापन दिया जिस पर पुलिस अधीक्षक के परिजनों से मामले के संबंध में कार्यवाही करने से मौखिक तौर पर स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया।

युवती छेड़छाड़ की कोशिश

रायपुर। युवती के साथ आफिस का सेल्स मैनेजर ने फोन नही उठाने पर गाली-गलोच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ-बांह पकड़ बेईज्जत करने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट कबीरनगर थाने में दर्ज की गई है। कबीरनगर रायपुर निवासी पीड़िता 22 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया के आफिस का सेल्स मैनेजर अरविन्दु चटर्जी ने 17 अक्टूबर की देररात घर पर फोन नही उठाने की बात को लेकर गाली-गलोच कर जान से मारने की धमकी देकर बेईज्जत करने की नियत से हाथ-बांह पकड़ लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मंत्री भदौरिया की सीट

नेपानगर सीट से भरे गए हैं। यहां पर कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुई सुमित्रा कास्डेकर का मुकाबला रामसिंह पटेल से है। सभी 28 सीटों पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है। बसपा ने सभी 28 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इसमें बसपा ग्वालियर-चंबल की करीब 10 सीटों पर असरदार साबित हो सकती है, यहां पर मुकाबला त्रिकोणीय होने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश में 27 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होने हैं। प्रदेश में 10 मार्च को कांग्रेस के 22 विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया था और कमलनाथ सरकार को अल्पमत में लाकर गिरा दिया था। इस घटनाक्रम के बाद 12 जुलाई को बड़ा मलहरा से कांग्रेस विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी और 17 जुलाई को नेपानगर से कांग्रेस विधायक सुमित्रा देवी कासडेकर ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन कर ली।

कोरोना मामलों में...

तथा हाथों की स्वच्छता का ख्याल रखेंगे। हम मास्क पहनेंगे और छींकनें तथा खांसने के समय कोविड-19 अनुकूल व्यवहार का पालन करेंगे। लोगों को भीड़भाड़ वाली जगहों को नजरअंदाज करना चाहिए और जिस जगह पर हवा की आवाजाही ठीक न हो या वो जगह खुली न हो और ताजी हवा न आ पाये, वहां नहीं रहना चाहिए। डॉ खेत्रपाल ने कहा कि सदस्य देश कोरोना टेस्ट की क्षमता बढ़ाने का सम्मिलित प्रयास कर रहे हैं ताकि संक्रमित व्यक्तियों का पता जल्द चल पाये और उनके संपर्क में आये लोगों की समय पर ट्रैकिंग हो पाये तथा संक्रमित व्यक्ति का समुचित उपचार शुरु हो जाये। इसी जज्बे के साथ हमारा प्रयास बरकरार रखने की जरूरत है।

बड़ी कंपनियों को...

पिछले महीने मंत्रालय ने 500 शीर्ष कंपनियों को बकाए के भुगतान के लिए पत्र भेजा था। पिछले पांच महीनों में छोटे उद्योगों को सर्वाधिक भुगतान सितंबर 2020 में मिला है। इस अवधि में सितंबर महीने तक खरीद और कारोबार भी सर्वाधिक हुआ। पिछले पांच महीनों में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों ने ही 13,400 करोड़ रूपये से ज्यादा का भुगतान किया। इसमें से 3700 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान मात्र सितंबर महीने में किया गया।

महिलाओं पर अभद्र...

उन्होंने इस घटना के लिए जिम्मेवार मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस की सरकार ने इससे पूर्व भी बहनों को ऐसी परिस्थिति में ला खड़ा किया था। राज्यसभा सांसद ने कहा कि इससे पहले मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भी महिलाओं को भोग की वस्तु बताया था। मध्य प्रदेश की ताजा घटना के विरोध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज दो घंटे के लिए उपवास रखा है और वह भी चार घंटे के लिए उपवास पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया और महिलाओं की बेहतरी के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। सुश्री पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई घटना पर भी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वयं संज्ञान लिया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की थी। हाथरस मामले की राज्य सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला अस्मिता प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए पहली प्राथमिकता है। सांसद ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन महिला उत्पीड़न के लिए जिम्मेवार लोगों और उनके परिजनों को टिकट दिया है। कांग्रेस ने भी महिला उत्पीड़न के लिए जिम्मेवार प्रवीण कुशवाहा को पटना साहिब से और गोविंदगंज से बृजेश पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह राजद ने संदेश विधानसभा से भूमिगत चल रहे निर्वस्त्र विधायक अरुण यादव की पत्नी किरण यादव को तथा नाबालिग के साथ बलात्कार के मामले में जेल में बंद राजबल्लभ यादव की पत्नी को ही उम्मीदवार बनाया गया है।

सुश्री पांडेय ने कहा कि कांग्रेस की मुखिया जहां एक महिला हैं तो वहीं राजद में भी पार्टी प्रमुख की पत्नी अपने दल में शीर्ष पद पर हैं। इन सबके बावजूद इन दोनों दल के नेतृत्व ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है।

इमरती देवी पर अपमानजनक...

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता कमलनाथ का एक महिला उम्मीदवार के खिलाफ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना महिलाओं का अपमान है। आयोग ने पूर्व मुख्यमंत्री से इस संबंध में स्पष्टीकरण देने को भी कहा है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि श्री कमलाथ का बयान गैरजिम्मेदाराना और असम्मानजनक है। इस बीच केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने श्री कमलनाथ के बयान की निंदा की और कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठायें। उन्होंने कहा, ÷ मैं नहीं समझती कि गांधी परिवार एक महिला के खिलाफ अपमानजनक बयान के लिए श्री कमलनाथ के विरुद्ध कदम उठायेगा। यह कमलनाथ हों या दिग्विजय सिंह, ये वे लोग हैं जिनके कारण गांधी परिवार के 'घर का चूल्हा जलता है'।÷ श्रीमती ईरानी ने कहा कि एक महिला राजनेता के खिलाफ श्री कमलनाथ का अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा, ÷ मैं नहीं समझ पा रही है हूं कि इस पर गांधी परिवार चुप्पी क्यों साधे हुए हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी श्री कमलनाथ के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा, ÷ श्री कमलनाथ जी द्वारा दिया गया

मेरे भाई भागवत देवांगन ने आत्महत्या नहीं की, उसकी हत्या की गई : प्रहलाद देवांगन

द्व राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच की मांग छग देवांगन समाज ने की

द्व मामला नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में रेगिंग के बाद छात्र की हत्या का

रायपुर। युवा प्रतिभाओं के साथ अध्ययन के दौरान कई वर्षों पहले रेगिंग कर उन्हें मानसिक तौर पर प्रताड़ना दी जाती थी। शारीरिक प्रताड़ना के दौरान युवा विद्यार्थियों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याएं/हत्याओं पर संज्ञान लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय नईदिल्ली द्वारा रेगिंग किये जाने की घटना पर संबंधित शैक्षणिक संस्थान की मान्यता रद्द करने का आदेश होने के बावजूद भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर मध्यप्रदेश में राहोद नगर पंचायत राहोद थाना शिवरीनारायण, तहसील पामगढ़, जिला जाजगीर चांपा निवासी मेडिकल छात्र भागवत देवांगन 26 वर्ष पिता अमृतलाल देवांगन की मेडिकल कालेज हास्टल नंबर 3 में रूम नंबर 14 में तुषार नामक विद्यार्थी के साथ आरोपी सलमान खान , विकास द्विवेदी, अमन गौतम, अभिषेक गेमें एवं शुभम शिंदे ने रेगिंग के दौरान मारपीट करने के उपरांत उक्त विद्यार्थी की 1 अक्टूबर को हत्या कर दी। जबकि मेडिकल कालेज के हास्टल प्रभारी डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा उक्त घटना की खबर आत्महत्या किये जाने के रूप में रात दो बजे दी गई। उक्त आरोप मृतक छात्र भागवत जो मेडिकल कालेज जबलपुर में एमएस आर्थोपेडिक में अध्ययनरत था के बड़े भाई प्रहलाद देवांगन ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में लगाया। पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन, परस देवांगन, डॉ. देवालाल देवांगन ने समाज के प्रतिभाशाली छात्र की हत्या होने पर समाज द्वारा आक्रोश व्याप्त होने की जानकारी देते हुए उक्त मामले में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके को ज्ञापन देकर घटना की जांच की मांग की गई है। देवांगन समाज में उक्त घटना को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ने का आव्हान समाजजनों से किया गया है। वहीं भागवत देवांगन द्वारा सितंबर में घर आने पर उक्त आरोपियों द्वारा जबरिया चार-चार हजार रुपये मोबाइल टेबलेट देने के नाम पर वसूली की शिकायत की गई थी। समझा बूझाकर स्व. देवांगन को पुनः मेडिकल कालेज में अध्ययन हेतु भेजा गया था। उक्त मामले में हास्टल प्रभारी अरविंद शर्मा द्वारा आरोपियों के साथ मिलीभगत कर उक्त मामले को हत्या होने के बाद भी आत्महत्या का स्वरूप दिया गया है। गढ़ा पुलिस थाने में उक्त मामले में रिपोर्ट नहीं लिखी गई कमरे में मृतक भागत की लाश को परिजनों के आने के पूर्व फांसी के फंदे से उतारा जाना संदिग्ध है।

संक्षिप्त समाचार

रुदाहेडा में कोविड के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई

घट्टिया/उज्जैन। गांव रुदाहेडा में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम व आंगनवाडी कार्यकताओं के सहयोग से कोरोना जांच के लिए सेम्पल लेने पहुची गांव से कोरोना के जांच के लिए 20 सेम्पल लिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रेनुका तिवारी ने बताया की रुदाहेडा में हमने करीब 20 लोगों के सेम्पल कलेक्ट किए कोरोना सेम्पल लेने के साथ ही ग्रामवासीयों को कोरोना गाईड लाईन का पालन करने का संकल्प भी लिया गया कोरोना के सेम्पल व संकल्प लेते समय स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी के साथ ही आशा संयोजक सोना राठौर आंगनवाडी कार्यकर्ता प्रभा मीणा, श्यामु बाई,आशा कार्यकर्ता साधना मीणा,ललिता मीणा , सहायिका रितिका विश्वास भी मौजूद थी।

संत तप का प्रतिफल है बाड़ी का मां हिंगलाज उपशक्ति पीठ : महेंद्र शर्मा

बाड़ी। खाकी अखाड़ा का नाम खाकी अखाड़ा राम मंदिर क्यों पड़ा इस पावन धाम का इतिहास 5000 वर्ष पुराना है इस मंदिर की गादी नहंग गादी के रूप में नर्मदा अंचल में ही नहीं पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है यहां संतो की महिमा मंडन की अनेक चर्चाएं हैं फारसी भाषा में प्रमाणित दस्तावेज के रूप में मौजूद है इस गादी के दसवें महंत संत भगवान दास जी महाराज रामानंद संप्रदाय के श्री राम के आराध्य भक्त होने के कारण खाकी अखाड़ा धर्म स्थल पर अनेकों चमत्कार हुए जिससे नगर के बुजुर्ग इसके साक्षी भी रहे नगर एवं क्षेत्र में महारोग एवं बीमारियों का प्रकोप पड़ा जिससे व्यथित होकर संत ने शक्ति स्वरूपों की आराधना का संकल्प लिया लेकिन उनकी इस संकल्प यात्रा में संत और नागाओ ने अनुरोध एवं याचना के चलते यात्रा में रुकावट हो रही थी जिससे संत भगवान दास जी महाराज तप कुटिया में ही रहने लगे संत के इस महासंकल्प को देखते हुए संत नागा समाज में व्याकुलता बढ़ने लगी संत को अपने साथ ले जाने की बात को ले ले जाने का प्रस्ताव रखा संत ने सहमति से सिर हिलाते हुए प्रस्ताव पर सहमति दी जब संत ने वन गमन किया तो उनके साथी इस यात्रा में थकान महसूस कर रहे थे अंतिम गादी के महंत तुलसीदास जी महाराज के कथनानुसार संत को मां स्वरूप हिंगलाज ने कन्या स्वरूप में दर्शन दिए प्रज्वलित अग्नि देते हुए अपने स्थान पर मेरी मूर्ति स्थापित कर अपने स्थान पर स्थापित कर दो मैं भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करूंगी आज खाकी अखाड़ा की बगिया में मां का भव्य मंदिर स्थापित है यहां पर शारदिया एवं चैत्र नवरात्र पर मां का बेटा आल्हा मां के भक्त संत भगवान दास जी महाराज मां के दर्शन को आते हैं ऐसी किवदंती है नवरात्र पर्व पर हजारों की संख्या में भक्त दूरदराज से यहां आते हैं और अरदास लगाते हैं भक्त आते जाते संत भगवान दास जी का जयकारा लगाते हैं

राष्ट्रीय बजरंग दल की हुई बैठक, कार्यकारिणी की घोषित

ब्यावरा। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ब्यावरा की प्रखंड बैठक ग्राम सनखेड़ी में हुए, जिसमें जिला अध्यक्ष खुशीलाल कुशवाह, जिला मंत्री एलकार राव, जिला सचिव जितेन्द्र शर्मा, जिला सहसंयोजक सतीश विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष देवराज रूहेला, राम भील, नगर अध्यक्ष कृष्णा शाक्यवार, प्रखंड मंत्री बनवारी कुशवाह, पचोर नगर अध्यक्ष देवा ठाकुर, रोहित रूहेला सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें राजेश सोलंकी को ग्राम अध्यक्ष को नियुक्त करने के साथ ही अन्य पदाधिकारियों को भी दायित्व सौंपें गए।

धोखाधड़ी करने वाला मुंबई से पकड़ाया

गंज बासौदा। जिला पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय साहू , एसडीओपी भारत भूषण शर्मा के मार्गदर्शन में सिटी थाना प्रभारी सुमी देसाई द्वारा टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपी की तलाश कर आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक विशाल सिकरवार पुत्र हरिसिंह सिकरवार उम्र 38 वर्ष निवासी कक्का वाली गली वार्ड क्रमांक 5 बरेठ रोड के आवेदन की जांच की गई जिसमें अनावेदक आशीष कुमार निवासी मुंबई और शहनवाज गौरी निवासी झांसी द्वारा विदेशी कंपनी से 8 करोड़ रुपये का लोन दिलावाने के नाम पर प्रोसेसिंग फीस 9 लाख 40 हजार रुपये लिये जो आशीष कुमार के खाते में ट्रांजेक्शन कर दिया और लोन भी नहीं दिलवाया व आरोपियों द्वारा छल एवं धोखाधड़ी से रुपये ट्रांजेक्शन के माध्यम से बैंक खाता में डलवा लिये जिस पर सिटी थाना पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया था। उक्त प्रकरण में आरोपी आशीष कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी प्लाट नंबर 3603 वी विंग सेक्टर 8 चाकोर कांदीवली वेस्ट एनआर टुर्जन पोईट मुंबई जिसका मोबाइल नंबर 8169004437 को चारकोप कांदीवली मुंबई से गिरफ्तार कर पुलिस थाना में लाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

नगर के विद्यार्थियों का नीट में हुआ चयन

गंज बासौदा। नगर के दो विद्यार्थियों का चयन नीट परीक्षा में हुआ है । भारत में चिकित्सा संस्थानों के लिए आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) में नगर के छात्र प्रतीक रघुवंशी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 700 में से 584 अंक प्राप्त किए हैं। प्रदीप ने हाईस्कूल और हायरसेकेंडरी की परीक्षा इंटरनेशनल पब्लिक हायरसेकेंडरी स्कूल से की है। उन्होंने बताया कि उन्होंने जो रैंक हासिल की है उससे उन्हें देश के किसी भी सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा। वह चिकित्सा क्षेत्र में एक सफल डॉक्टर बनकर समाज सेवा करेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर अनेक शुभचिंतकों ने बधाई दी है। वहीं नगर के छात्र रमन रघुवंशी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 700 में से 611 अंक प्राप्त किए हैं। रमन ने हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की पढ़ाई नगर के भारत माता कान्वेंट हायरसेकेंडरी स्कूल से की है। रमन ने कोटा में रहकर नीट की परीक्षा की तैयारी की थी और लॉकडाउन में घर पर ही रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने 700 में से 611 वी रैंक हासिल की है उससे उन्हें देश के किसी भी सरकारी किसी भी सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा। वह चिकित्सा क्षेत्र में एक सफल डॉक्टर बनकर समाज सेवा सेवा समाज सेवा सेवा करेंगे।

नगर परिषद ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2021की तैयारी प्रारंभ

पचौर । नगर परिषद ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2021की तैयारी प्रारंभ कर दी है जिसके·तहत नगर में विशेष साफ सफाई की जा रही है वहीसोमवार को नगर के अलग अलग हिस्सों में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सफाई के लिए प्रेरित करने के जागरूकता के अलग अलग प्रयास किये जा रहे इसके अंतर्गत शहर में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर लोगों को साफ सफाई के प्रति जागृत किया जा रहा है। नाटक में हास्य और व्यंग्य के जरिए स्वच्छता गीत सुनाया गया और लोगों में शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने की सीख दी। इस अवसर पर सी एम ओ पवन मिश्रा ने कहा कि सभी के सहयोग से हम बेहतर कर सकते है , उन्होंने नागरिको से सड़क पर कचरा न फेकने , संग्रहण वाहनों में कचरा डालने की अपील की इस मौके पर नपा इंजीनियर राजकुमार अहिरवार, लेखापाल दुर्गेश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा ने किया मौन व्रत एवं पुतला दहन

नव प्रदेश संवाददाता

छिंदवाड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा मध्यप्रदेश की महिला मंत्री श्रीमती इमरती देवी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में जिला भाजपा द्वारा स्थानीय फव्वारा चौक में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक मौन धरना-प्रदर्शन किया गया । धरना उपरांत भाजपा महिला मोर्चा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का पुतला दहन किया गया । मौन धरना समाप्ति के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कहा कि भारत की धरती में नारियां हमेशा मान-सम्मान से देखी जाती है । वर्तमान में जहां नवरात्र पर्व पर पूरे देश में शक्ति की आराधना हो रही है वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा दलित समुदाय की बीजेपी नेत्री श्रीमती इमरती देवी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किया जाना महिलाओं और अनुसूचित जाति के खिलाफ कांग्रेस की सोच प्रदर्शित करता है । महिलाओं और दलितों के प्रति कमलनाथ की यही सोच और विचारधारा है, जबकि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि जहां नारियों का मान-सम्मान होता है देवता वहीं विराजते है । पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे ने कहा कि महिलाओं के संबंध में अनुचित एवं अश्लील टीका टिप्पणी भारतीय समाज कभी स्वीकार नहीं करता । पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा महिला विरोधी अभद्र टिप्पणी अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है । पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली ने कहा कि कमलनाथ जी का अभद्र बयान प्रदेश की सभी माता-बहनों का अपमान है । दुख की बात यह है कि ऐसे शर्मनाक बयान पर माफी मांगने के बजाये पूर्व मुख्यमंत्री अपने कथन का बचाव कर रहे है । इसलिए भाजपा ने मौन धरना प्रदर्शन किया है । कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, पूर्व विधायक पंडित

लोकतंत्र बचाओ जन जागरण यात्रा पहुंची ब्यावरा

नव प्रदेश संवाददाता

ब्यावरा। प्रदेश में मप्र कांग्रेस कमेटी महासचिव पवन कुमार पटेल द्वारा निकाली जा रही लोकतंत्र बचाओं जन जागरण यात्रा सोमवार को ब्यावरा पहुंची, जहां पर नगर के भोपाल बायपास एरिया स्थित लॉ ओम पैलेस होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान के उप चुनाव लोकतंत्र बचाने के लिए हैं, किस प्रकार कांग्रेस की सरकार को गिरा दिया गया और दल बदलू नेता प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री बन बैठे हैं। उप चुनाव दल बदलू नेताओं को सबक सिखाने का समय हैं, ताकि भविष्य में कोई विधायक या मंत्री दल बदलकर सौदाबाजी न करें। श्री पटेल ने बताया कि जन जागरण यात्रा सभी 28 विधानसभाओं में भ्रमण करेगी, जहां पत्रकारों के जरिए आम जनता तक बात पहुंचाई जाएगी, वहीं विधानसभा में नुक्कड़ सभाएं कर दल बदलू नेताओं के बारे में मतदाताओं को समझाया जाएगा। यात्रा विधानसभा क्षेत्र आगर होते हुए ब्यावरा विधानसभा पहुंची, यात्रा विधानसभा क्षेत्र बमौरी, पोहरी, करेरा, दतिया, भांडेर, डबरा, ग्वालियर, गोहद, मेहगांव, भिण्ड, अम्बा, दिमनी, सुमावली, जौरा, अशोकनगर, मुंगावली में पहुंचेगी। इस अवसर पर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धीरप सौंधिया, रवेंद्र यादव महासचिव संभाग भोपाल, सुरेश सुमन प्रदेश प्रवक्ता प्रकोष्ठ, सौरभसिंह सचिव, भगवानसिंह गोस्वामी, राधेश्याम लोधा, पर्वतसिंह, जगदीश सेन, अनिल चौधरी आदि मौजूद थे।

नौरादेही अभ्यारण्य से गुजरने वाली सड़कें प्राणियों के लिए बन रहीं काल, वाहनों से हो रहे हादसे

नव प्रदेश संवाददाता

दमोह/तेन्दूखेड़ा! जंगल के दायरे से गुजरने वाले मुख्य मार्गो पर सड़क हादसों की वजह से वन्य प्राणियों की मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है वर्ष 2020 से 9 महीनों में जिले में200 से ज्यादा वन्य जीव वाहनों की चपेट में आकर काल के गाल में समा चुके हैं सड़क पर मरने वाले जानवरों में सबसे ज्यादा संख्या सियार बंदर नेवले और सर्पो की है वन्य जीवों के लिए संरक्षित नौरादेही अभ्यारण्य से गुजरी सड़क भी जानवरों की दुश्मन बनी हुई है वन विभाग द्वारा ठोस इंतजाम नहीं किए जाने के कारण लगातार वन्यजीवों की जान जोखिम में बनी रहती है वन क्षेत्र में सूनसान सड़कों पर वाहनों की रफ्तार अत्यधिक होती है इन क्षेत्रों में गति सीमा निर्धारित करने वाले संकेतक भघ या तो लगाए नहीं गए या फिर वे छतिग्रस्त हो चुके हैं जिससे वाहन चालक खतरे का अंदाजा नहीं लगा पाते और यही कारण जानवरों की जान का

दुश्मन बन जाता है वन क्षेत्रों में बड़े जानवरों के अलावा खरगोश लकड़बग्घे और पक्षी भी वाहनों की चपेट में लगातार आ रहे हैं

लगातार बढ़ रहा आंकड़ाः जानकारी अनुसार साल में औसतन 200 से अधिक वन्य प्राणियों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हो जाती है पिछले साल 17 वन्य प्राणियों की मौत हुई इस साल अब तक16 ÷वन्य प्राणियों की मौत हो चुकी है जंगल से गुजरने वाले मार्गो पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगा है वहीं वाहन चालक भी कोई कार्रवाई नहीं होने से बेपरवाह वाहन चलाते हैं विभागीय अधिकारियों को इस और गंभीरता से ध्यान देने की जरुरत है जंगल से गुजरने वाले मार्ग पर ब्रेकर लगाने के साथ साथ संकेतक बोर्ड व रिफ्लेक्टर भी लगाए जाने की जरुरत है ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सकें वही नौरादेही से गुजरे करीब 12 किमी सड़क मार्ग पर महीने में 12 से 15 दिन लकड़बग्घे सियार और अन्य जानवर वाहनों के नीचे आ जाते हैं यह वन्यजीवों के लिए संरक्षित इलाका है लेकिन इंतजाम कम होने के कारण जीवों की जान नहीं बच रही है यह स्थिति तब और भयावह हो जाती है जबकि इस जंगल में बाघ बाघिन और उसके तीन शावक विचरण कर रहे हैं इन शावकों की जान खतरे में पड़ सकती है

मार्गो पर सुरक्षा के उपाय करना जरुरीः मुख्य मार्ग सहित गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्ग पर अब तक सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किए गए हैं तेज गति से वाहन अब तक तक सुबह से शाम तक चल रहे हैं सुनसान सड़क होने की वजह से वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं इस दौरान मुख्य मार्ग पर आने

श्रीराम ने किया धनुष-भंजन, विदेहराज की प्रतिज्ञा हुई पूर्ण

नव प्रदेश संवाददाता

छिंदवाड़ा । दिन प्रतिदिन नवाचारों से समृद्ध हो रही छिंदवाड़ा की ऐतिहासिक रामलीला में आज धनुष यज्ञ की लीला खेली गई। मण्डल में अध्यक्ष सतीश दुबे लाला ने बताया ने कि इस वर्ष नवीन साज सज्जा के साथ श्रीराम विवाह की लीला सम्पन्न हुई । सहनिर्देशक श्रांत चंदेल ने बताया कि भव्य जनकपुरी की सभा मे सर्वप्रथम राजा जनक जी का मुनि शतानंद जी के साथ प्रवेश हुआ। विश्वामित्र जी एवं राम लक्ष्मण के प्रवेश के उपरांत प्रतिभागी राजाओं का प्रवेश हुआ। राजसभा में वाणासुर के प्रवेश के बाद उन्हें सभापति नियुक्त किया गया। राजा की आज्ञा से स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात रावण बाणासुर संवाद हुआ। संवाद उपरांत रावण एवं वाणासुर सभा से प्रस्थान करते है। इसी क्रम में जनक जी की आज्ञा से बंदीजन द्वारा महाराज की प्रतिज्ञा को सभी को सुनाया जाता है। जिसमे राजा यह प्रतिज्ञा करते है कि को भी राजा अथवा राजकुमार शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएंगे उनके साथ जानकी का विवाह होगा परन्तु सभी राजा इसमें असमर्थ रहते है। तब राजा जनक रोष में सभी राजाओं को प्रस्थान करने के लिए कहते है इससे लक्ष्मण भयंकर क्रोधित हो जाते है एवं श्रीराम लक्ष्मण को समझाकर शांत करते है। इसके बाद गुरु की आज्ञा से श्रीराम धनुष का भंजन करते है। मुख्य निर्देशक विजय आनंद दुबे ने बताया कि धनुष भंजन के बाद लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला खेली गई एवं पंच आचार्यो के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ श्री राम, भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न का विवाह भी सम्पन्न हुआ। प्रचार सचिव राहुल द्विवेदी एवं उपकोषाध्यक्ष भोला सोनी ने बताया कि नितिन चौरसिया एवं रिंकू नेमा द्वारा राम भोग के लिए सहयोग किया गया। टेक्निकल सहयोगी विक्की सोनी ने बताया कि आज श्री राम वन गमन की लीला का मंचन किया जाएगा।

बुडन एवं सिन्थेटिक्स बेडमिंटन कोड का हुआ लोकार्पण

पन्ना। लम्बे समय से प्रतिक्षित नजरबाग स्टेडियम के इनडोर बेडमिंटन कोड का प्रदेश के खनिज साधन एवं श्रम विभाग मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा विवरण पट्टिका अनावरण एवं फीटा काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने लोकार्पित बुडन एवं सिन्थेटिक्स बेडमिंटन कोड पर कलेक्टर संजय कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालागुरू के द्वारा बेडमिंटन खेल कर नवीन कोड में खेलने का आनन्द उठाया। मंत्री श्री सिंह ने इस कार्यक्रम में उपस्थितों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेरी बचपन से ही खेलों के प्रति रूचि रही है। पहले में फुटबाल खेला करता था। इसके उपरांत मैंने बेडमिंटन शुरू किया। अब मुझे बेडमिंटन खेलना बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि पन्ना जिले में फुटबाल खेलने की परम्परा रही है। यहां बहुत अच्छे फुटबाल के खिलाडी रहे हैं। यह नजरबाग खेल मैदान फुटबाल एवं बालीबाल का मैदान रहा है। इसे सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान बनाने में हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि धरम सागर तालाब के ऊपर यादवेन्द क्लब है। यह

365सीढ़ियां चढ़ने के बाद होते हैं माता के दर्शन, नीचे गुफा में है श्रीराम दरबार एवं पंचमुखी हनुमान

नव प्रदेश संवाददाता

तेन्दूखेड़ा/दमोह! रहली जबलपुर रोड़ पर रहली 5 तथा तेन्दूखेड़ा से 70 किमी दूर टिकीटोरिया पहाड़ी पर विराजमान मां सिंहवाहिनी के इस मंदिर को मध्यप्रदेश में मिनी मैहर के नाम से जाना जाने लगा है टिकीटोरिया के मुख्य मंदिर में अष्टभुजाधारी मां सिंह वाहिनी की नयनाभिराम प्रतिमा है मंदिर के निर्माण के संबंध में बहुत अधिक तो जानकारी नहीं है पर लोगों के अनुसार मंदिर का निर्माण सुनार नदी के तट पर स्थित किले के समकालीन ही लगभग 500 सल पहली हुआ था मंदिर का निर्माण पहले तो रानी दुर्गावती द्वारा करवाया गया तथा कुछ यहां पर पत्थर की मूर्ति स्थापित की गई करीब 50 साल पहले नगर के वरिष्ठ मातादीन अवस्थी और द्रौपदी बाई के सौजन्य से सुरेन्द्र नाथ अवस्थी द्वारा संगमरमर की नयनाभिराम मूर्ति की स्थापना कराई गई ऊंचे पहाड़ को चढ़ने बनाई सीढ़ियां लगभग 30 साल पहले यहां पहाड़ काटकर मिट्टी की सीढ़ियां बनाई गई थी फिर पत्थर रख दिए गए और सन 1984 में जीणोद्धार सीमित का गठन किया गया वर्तमान में जनसहयोग से मंदिर में ऊपर तक जाने के लिए 365 सीढ़ियां है भारत के कई जगहों से लोगों के दान सहयोग से यहां संगमरमर की सीढ़ियां का निर्माण किया गया टिकीटोरिया के मुख्य मंदिर के सामने ही ऊंचाई पर शंकर जी का मंदिर बना है तथा मंदिर के दाहिनी ओर से एक गुफा है जिसमें राम दरबार तथा पंचमुखी हनुमान जी की विशाल प्रतिमा है मंदिर के पीछे यज्ञशाला और भैरव बाबा का मंदिर भी है टिकीटोरिया का पहाड सागौन के वृक्षों से भरा है ऊपर मंदिर होने के कारण यह पहाड़ सिद्ध क्षेत्र होने के साथ साथ यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ है पूरी पहाडी सागौन के वृक्षों से आच्छादित है इसके अलावा चारों ओर हरे भरे खेत श्रद्धालुओं का मन मोह ही लेते हैं पहाड़ के नीचे बने तालाब में नहाना और बगीचा में झुला झूलना श्रद्धालुओं की टिकीटोरिया यात्रा को अविस्मरणीय बना देता है मंदिर के पुजारी भरत शुक्ला के अनुसार ऐसी मान्यता है कि टिकीटोरिया में मां भवानी के दरबार में कई हर मान्यता पूरी होती है मेला के अवसर पर अनेक लोग पहली बार

गोलू खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष बने

गंज बासौदा। खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी रशीदा खानम एवं मध्य प्रदेश खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी के निर्देशानुसार गोलू सेन को कांग्रेस एवं खेल खिलाड़ी का प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सेन की नियुक्ति पर शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए वरिष्ठ नेतृत्व का आभार माना है । बधाई देने वालों में मनी भाई अहिरवार ,सुजीत सराठे,शौरभ दुबे, राहुल रैकवार सहित अनेक लोग शामिल हैं।

चोरी का मामला दर्ज

गंज बासौदा। फरियादी दिलशाद अली उम्र 70 वर्ष निवासी डाबर ने सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संदेही कासिम, जीतू निवासी डाबर घर से 10 हजार रुपये नगदी, एक जोड़ चांदी की पायल, बिछिया, एक बोरा चना सहित कुल कीमती 31 हजार रुपये चुरा कर ले गऐ। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरु द्ध धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया

जन आशीर्वाद पथ पर कांग्रेस प्रत्याशी राकेश पाटीदार का आत्मीय स्वागत

नव प्रदेश संवाददाता

मंदसौर। सुवासरा विधानसभा उपचुनाव में प्रचार अभियान के तहत कांग्रेस प्रत्याशी श्री राकेश पाटीदार ने प्रदेश में माननीय श्री कमलनाथजी के नेतृत्व में राम राज्य की परिकल्पना को साकार रूप देने वाली सरकार के पुनः गठन की आशा के साथ सुवासरा विधानसभा के शामगढ ब्लॉक के विभिन्न ग्रामो में प्रभावी जनसंपर्क करते हुये जन आर्शिवाद मांगा। कांग्रेस नेताओं के साथ श्री पाटीदार ने निपानिया, किशन का खेडा, पिछ्ला, तलाई का डेरा, खारचा का डेरा, खेडी, रामखेडी, बरखेडा नायक, सालरी नई आबादी, सालरी, चंदवासा नई आबादी आदी अनेक ग्रामीण क्षेत्रो में दस्तक देते हुये प्रदेश की तकदीर एवं तस्वीर बदलने हेतु कमलनाथजी के नेतृत्व में सरकार गठन हेतु मतदाताओं से आर्शिवाद मांगा।

इस दौरान वरिष्ठ नेता श्री राजकुमार अहीर, शामगढ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री दुलेसिंह आदी अनेक कांग्रेस नेता उनके साथ थे। शामगढ ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रो में क्षेत्रवासियो के आत्मीय स्वागत के बीच कांग्रेस प्रत्याशी श्री राकेश पाटीदार ने कहा कि जनता ने शिवराज के 15 साल बनाम कांग्रेस के 15 माह के शासन को देखाहै। एक तरफ शिवराजसिंहजी प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढाने की बजाय सिर्फ घोषणाओ के नाम पर छलावा किया है वही माननीय कमलनाथजी ने बिना

दिव्यांगों की सुविधाओं के लिए लगाया शिविर

नव प्रदेश संवाददाता

भीकनगांव । जनपद ने ऐसे दिव्यांग जिनके यूडीआईडी कार्ड और मेडिकल प्रमाण शेष रहे थे उनके लिए विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन हुआ। दिव्यांगों को सुविधाओं के लिए यह शिविर रखा गया था। इसमें जनपद पंचायत के अलावा नगर परिषद क्षेत्र के लोग भी शामिल हुए। इस शिविर में अधिकारियों ने मास्क लगाए और सोशल डिस्टेंसिंग रखे का बोर्ड तो लगाया, लेकिन इसका पालन कराना भूल गए। एक परिसर में इतनी भीड़ एकत्रित हो गई की सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ती नजर आई। खैर, जो भी हो दिव्यांगों की सुविधाओं के लिए कार्ड और प्रमाण पत्र बनना भी जरूरी था। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग धर्मेंद्र गांगले ने बताया कि दिव्यांगों को सभी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए जनपद पंचायतवार भीकनगांव टंटया मामा भवन में यह आयोजन किया गया था। साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र के विकल्प के तौर पर यूडीआईडी कार्ड बनाए गए। शिविर में करीब 333 जनपद के तथा 11 नगर क्षेत्र से दिव्यांगों में आवेदन आए। शिविर में आने वाले दिव्यागों को जानकारियां देने के लिए स्टॉल लगाए गए थे। साथ ही मास्क भी वितरण किए गए थे।

भोजन लेने की देखने को मिली होड़ः शिविर में नगर सहित जनपदवार आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद थे। उनके लिए भोजन की व्यवस्था भी गई थी। लेकि जितनी भीड़ परिसर में देखने को मिली उतनी ही कम भोजन के पैकेटों की। जब कर्मचारी लोगों को भोजन देने आए तो पैकेट लेने की होड़ सी मच गई। जिसके कारण किसी को भोजन के पैकेट मिले, तो किसी के हाथ मायूसी लगी।

आखिर किसकी चूकः टंटया परिसर इतना बड़ा नहीं है की भीकनगांव विकासखंड की जनपद पंचायत और नगर के दिव्यांगों का शिविर एक साथ आयोजित कर सकें। बावजूद इसके परिसर में ही शिविर आयोजित किया गया। जो कहीं न कहीं लापरवाही और भारी चूक की ओर इशारा कर रही है।

रासायनिक खाद दुकान संचालक बिना डीएपी के नहीं दे रहे यूरिया

बनखेड़ी। इस समय किसान अपनी आगामी फसल गेहूं के लिए खाद का भंडारण करने लगे हैं ताकि आगे चलकर उन्हें कोई परेशानी ना हो लेकिन बनखेड़ी के प्रमुख रासायनिक खाद बीज दुकान संचालक अपनी मनमानी चला रहे हैं रासायनिक खाद बीज दुकान संचालक किसानों को बिना डीएपी के यूरिया नहीं दे रहे यानी किसी किसान को यूरिया चाहिए तो उसे डीएपी लेना ही पड़ेगा नहीं तो यूरिया नहीं दिया जाएगा ऐसा दुकानदारो का कहना है किसान परेशान हो रहा है, बनखेड़ी में कई किसानों को परेशान देखा जा सकता है किसान दुकानदारों से यूरिया लेना चाहता है लेकिन दुकानदार बिना डीएपी के यूरिया नहीं दे रहे यूरिया की कीमत ?270 है और वही डीएपी की कीमत 12 सौ रुपए के आसपास है, कुछ किसान तो ऐसे भी हैं जिन्हें सिर्फ यूरिया ही चाहिए लेकिन उनको मजबूरी में डीएपी लेना पड़ रहा है जिससे उन्हें हजारों रुपए का नुकसान झेलना पड़ रहा है लेकिन दुकान संचालक को इस से कुछ लेना-देना नहीं उनको तो सिर्फ अपनी तिजोरी ही भरना है और तो और बनखेड़ी के प्रमुख रसायनिक दुकान संचालक द्वारा खाद, बीज, दवाइयां कच्चे बिल पर दी जाती हैं किसानों को पक्का बिल में नहीं दिया जाता कच्चे बिल पर दुकान संचालक लाखों रुपया का गोलमाल कर रहे हैं

इनका कहना है

बनखेड़ी विकासखंड जिले से 100किलोमीटर दूर है। यहां के उर्वरक बिक्रेता यूरिया से साथ डीएपी खाद अनिवार्य कर रहे तो शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उग्र आंदोलन खड़ा होते दिखाई दे रहा है, अगर प्रशासन इस पर कोई उचित निर्णय नहीं लेता अगले समय में उग्र आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की रहेगी।

जितेंद्र भार्गव किसान नेता

किसान की जो मर्ज़ी होगी वह खरीदेगा, किसी की कोई जबरदस्ती नहीं है और अगर कोई दुकान संचालक ऐसा करता है तो उस पर कार्यवाही की जायेगी।

जितेंद्र सिंह उपसंचालक होशंगाबाद

बनखेड़ी के ग्राम कामती की धमनी नदी पर बनाया 3 सौ बोरी का बंधान,किसानों को बंधान के पानी से मिलेगा लाभ

बनखेडी। होशंगाबाद जिले के बनखेडी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम कामती में जल संरक्षण को लेकर भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोविंदनगर की मेरा गाँव मेरा तीर्थ समिति के अंतर्गत बनखेडी ब्लाक के 9 स्थानो पर बोरी बंधान का कार्य किया जा चुका है। गोविंदनगर न्यास से जुडे ओंकार सिंह राजपूत द्वारा बताया गया कि जल संरक्षण को लेकर मेरा गाँव मेरा तीर्थ ग्राम विकास समिति कामती एवं खरसली द्वारा रविवार को कामती ग्राम की धमनी नदी के पुल के पास बोरी बंधान किया गया। जिसमें 300 बोरियो से बंधान बनाया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड नं-3 ,पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित, प्रबंध संपादक डॉ. शिशिर उपाध्याय,
फोन नं : 0755-2465533, मो. 9039005699 (न्याय क्षेत्र भोपाल), MPHIN/2017/72749 email:navpradeshbhopal@gmail.com